


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 16 अप्रैल 2026 दिन - गुरुवार वर्ष-14 वां पृष्ठ - 12 अंक - 78 मूल्य - 5 रुपये









## फर्जी विवाह गिरोह चलाने के आरोप में 'दुल्हन' सहित दो गिरफ्तार..

ठाणे, (भाषा)।

***महाराष्ट्र की मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस ने 53 वर्षीय एस्टेट एजेंट से कथित तौर पर फर्जी शादी करने के बाद घर से कीमती सामान चोरी कर 'दुल्हन' के फरार होने के***

मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित को जुलाई और दिसंबर 2025 में निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने कथित तौर पर एक महिला की तस्वीर दिखाकर उससे शादी कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने प्रस्ताव को वास्तविक मानते हुए शादी की तैयारियों के लिए विभिन्न बैंक खातों में 45,750 रुपये अंतरित कर दिए। पुलिस ने कहा, ''आरोपी महिला ने दुल्हन बनकर शिकायतकर्ता का विश्वास जीता और फिर उसके घर से 4,56,000 रुपये के सोने के गहने, एक लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गई।''

अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) (धोखा धड़ी) और 303 (2) (चोरी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नेहा खंडेलवाल उर्फ जन्नत (22) और केसरिमल लक्ष्मी लाल रांका (45) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि नेहा ने दुल्हन का ढोंग रचा था।

**पुलिस ने कहा, ''जांच में खुलासा हुआ कि गिरफ्तार आरोपियों ने अहिल्यानगर, जोगेश्वरी, बोरीवली और जलगांव में भी इसी तरह के अपराध को अंजाम दिया था।''**

## आवश्यकता है..

बच्चों की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

## बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने अनिल अंबानी समूह के दो पूर्व अधिकारियों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, (भाषा)।

***प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस ग्रुप के दो पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों अमिताभ झुनझुनवाला और अमित बापना को कथित बैंक***



ऋण धोखाधड़ी और धन शोधन मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ के बाद दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने उन्हें विस्तृत पूछताछ के लिए हिरासत में लेने की मांग करते हुए अदालत में पेश किया। झुनझुनवाला 'रिलायंस कैपिटल लिमिटेड' के वाइस चेयरमैन और निदेशक रह चुके हैं, जो रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) की मूल कंपनी है। झुनझुनवाला अनिल अंबानी के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। बापना आरएचएफएल में निदेशक के पद पर कार्यरत थे। यह जांच अनिल अंबानी समूह की कंपनियों जैसे आरएचएफएल और आरएचएफएल के माध्यम से फर्जी या मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल करके की गई कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से संबंधित है। ईडी का धन शोधन मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है।

## प्रेमी की दुल्हन पर तेजाब फेंकने पर महिला गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, (भाषा)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में 21 वर्षीय एक युवती के होने वाले दूल्हे की कथित प्रेमिका ने उस पर तेजाब से हमला कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, पीड़िता की शादी 19 अप्रैल को होनी थी और तेजाब हमले के चलते उसकी आंखों, चेहरे, गर्दन व हाथ पर जलने के निशान हैं। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता का गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। 19 अप्रैल को पीड़िता की बहन की भी शादी होनी थी। अधिकारी के अनुसार, यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 12.30 बजे इंदिरा विहार स्थित पीड़िता के घर पर हुई, जहां उसकी ÷मेहंदी की रस्म÷ चल रही थी। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान आरोपी महिला पीड़िता के घर पहुंची और उस पर तेजाब फेंक दिया। पुलिस सूत्रों ने कहा, ÷शुरुआत में हमें पता चला कि दोनों महिलाएं सामान्य रूप से बातचीत कर रही थीं और मेहंदी लगाने के तरीके पर चर्चा कर रही थीं, तभी स्थिति अचानक बदल गई। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला ने अचानक एक बोतल खोली और उसमें रखा तेजाब पीड़िता के चेहरे पर फेंक दिया। इस हमले से आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। परिवार के सदस्य पीड़िता की मदद के लिए दौड़े, जो जलन के कारण दर्द से कराह रही थी। वहीं, कुछ लोगों ने 26 वर्षीय आरोपी महिला को पकड़ लिया और पुलिस को मामले की सूचना दी। चिकित्सकों ने पीड़िता को निगरानी में रखा है। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, जिस तरह से आरोपी महिला ने पीड़िता के घर में प्रवेश किया और बातचीत के दौरान उस पर तेजाब फेंक दिया, उससे संकेत मिलता है कि हमला पूर्व नियोजित था और व्यक्तिगत कारणों से किया गया था।

## साकोली में बाघ का खौफ : 5 साल की मासूम बच्ची को बनाया निवाला

### महीने भर से दहशत का माहौल; वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल..



जगप्रेरणा भंडारा/साकोली।

***भंडारा जिला अंतर्गत साकोली तहसील के उमरझरी क्षेत्र में पिछले एक महीने से जारी बाघ की दहशत ने आज एक और मासूम की जान ले ली। विर्शी गांव के पास तड़के हुए बाघ के हमले में 5 वर्षीय बालिका की मौत हो गई, जिससे पूरे परिसर में मातम***

छा गया है और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के सुहेला निवासी काशीनाथ मिरी अपने परिवार के साथ विर्शी स्थित संजय कापगते के खेत में ईंट भट्टी पर मजदूरी करने आए हैं। उनका परिवार खेत में ही अस्थाई झोपड़ी बनाकर रह रहा था। बुधवार, 15 अप्रैल की तड़के जब परिवार सो रहा था, तभी बाघ ने काशीनाथ की 5 वर्षीय बेटी अंशिका पर अचानक हमला कर दिया। बाघ बच्ची को झोपड़ी से खींचकर झाड़ियों की ओर ले गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक महीने से उमरझरी और आसपास के इलाकों में एक बाघिन की सक्रियता देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग को बार-बार सूचना देने के बावजूद पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। आज की घटना के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह हमला उसी आदमखोर बाघिन ने किया है? यदि ऐसा है, तो इसे वन विभाग की बड़ी विफलता माना जा रहा है।

### वन विभाग की टीम मौके पर

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का दस्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। विभाग ने विर्शी और आसपास के गांवों में 'हाई अलर्ट' जारी किया है और ग्रामीणों से अपील की है कि वे अकेले जंगल की ओर न जाएं और रात के समय सतर्क रहें।

## अमेरिकी नौसेना ने ईरान पर नाकाबंदी लागू करने के लिए बल प्रयोग की चेतावनी दी

वाशिंगटन, (एपी)।

अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत ईरान और उसके आसपास के व्यापारिक जहाजों को यह चेतावनी दे रहे हैं कि वे उन्हें नियंत्रण में लेने और ईरान के साथ व्यापार करने वाले जहाजों की नाकाबंदी का पालन सुनिश्चित करने के लिए बल प्रयोग करेंगे। अमेरिकी मध्य कमान द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए नौसेना के एक रेडियो संदेश में कहा गया, ''ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले जहाजों को रास्ते में रोककर उनकी तलाशी ली जाएगी और उन्हें जब्त किया जाएगा।'' सेना के एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर जारी सैन्य अभियान की जानकारी देते हुए यह पुष्टि की कि यह संदेश फिलहाल क्षेत्र के सभी जहाजों को प्रसारित किया जा रहा है। रेडियो संदेश में चेतावनी देते हुए कहा गया, ''यदि आप इस नाकाबंदी का पालन नहीं करते हैं, तो हम बल प्रयोग करेंगे।'




## बहला फुसलाकर युवतियों का शोषण कर करवाये जा रहे धर्मांतरण के खिलाफ आगे आये विशाल बिसेन..

### पंवार समाज जिलाध्यक्ष विशाल बिसेन ने सामाजिक बंधुओं के साथ पुलिस प्रशासन को सौंपा ज्ञापन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में विभिन्न ग्रामीण अंचलों तक गरीब और कमजोर परिवारों की कमजोरी का फायदा उठाकर कतिपय षडयंत्रकारियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण एवं युवतियों व महिलाओं को बहला फुसलाकर अपने जाल में फांसने का कार्य किया जा रहा है। इस तरह का कृत्य होने के***



कारण पवार समाज में आक्रोश व्याप्त हो रहा है, तथा यदि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया, तथा ऐसे कतिपय अपराधियों पर कार्यवाही नहीं की गई, तो इसके खिलाफ पवार समाज उग्र रुप धारण करने से भी पीछे नहीं हटेगा, इस चेतावनी एवं विधिवत कानुनी कार्यवाही के साथ ही सूचना एवं शिकायत पर त्वरित गंभीरतापूर्वक कार्यवाही के निवेदन को लेकर आज पंवार समाज के जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के नेतृत्व में पंवार समाज बंधुओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा एवं कार्यवाही की मांग की।

विशाल बिसेन ने बताया कि आज पंवार समाज बालाघाट एवं राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी गणों द्वारा बालाघाट जिले में सुनियोजित षड्यंत्र करके धर्मांतरण किए जाने और विशेषकर पंवार समाज को धर्मांतरण में निशाना बनाया जाने को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अवगत कराया गया है। विशाल बिसेन ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक व राज्य के पुलिस महानिदेशक के लिए ज्ञापन सौपा गया जिसमे विशेष हेल्पलाइन व एसआईटी गठित कर जांच कर बीएनएस की धाराओं के तहत तत्काल कार्यवाही की मांग की गई। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक व जिला प्रशासन से उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है।

### यह भी रहे उपस्थित..

आज पंवार समाज प्रतिनिधि मण्डल में राष्ट्रीय महासभा के महासचिव अर्पण बिसेन, जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन, जिला महासचिव डॉ राजेंद्र कटरे,जिला संरक्षक श्री बी एल चौधरी, जिला संरक्षक श्री रेखचंद देशमुख,जिला कोषाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र रहाँगड़ाले, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री बिसेन, जिला सह सचिव अधिवक्ता श्री अजय बिसेन, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता आनंद बिसेन, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मनोज भैरम, जिला सह सचिव अधिवक्ता भूपेन्द्र भैरम, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष बिसेन, जिला संयोजक गुणेन्द्र पटले, युवा प्रकोष्ठ संरक्षक महेंद्र अमूले, युवा प्रकोष्ठ संयुक्त सचिव अवलेश पारधी, युवा प्रकोष्ठ सदस्य सुशील रहांगडाले, वरिष्ठ समाजसेवी भगत जी सहित अन्य समाज जन उपस्थित रहे।




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

## सहकारी कर्मचारी संघ ने कलेक्टर का किया अभिनंदन, बारदाने की कमी दूर करने उठाई मांग



**जगप्रेरणा सिवनी।**
***म.प्र. सहकारी समिति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नवागत कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना से शिष्टाचार भेंट की।***

इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया और जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### उपार्जन केंद्रों की जमीनी हकीकत से कराया अवगत..

अभिनंदन के पश्चात संघ ने जिले में चल रहे गेहूं उपार्जन कार्य के दौरान सामने आ रही व्यावहारिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। पदाधिकारियों ने बताया कि कई उपार्जन केंद्रों पर बारदाने की भारी कमी बनी हुई है, जिसके कारण किसानों की उपज की तुलाई प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन बारदाना उपलब्ध न होने के कारण उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

### किसानों की परेशानी कम करने की उठाई मांग..

सहकारी कर्मचारी संघ ने कलेक्टर से आग्रह किया कि समय रहते बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, ताकि उपार्जन कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके और किसानों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके। संघ ने यह भी कहा कि यदि शीघ्र व्यवस्था नहीं की गई तो समस्या और गंभीर हो सकती है।

### कलेक्टर ने दिया सकारात्मक आश्वासन..

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने संघ की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और बारदाने की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वंशीलाल ठाकुर, मीडिया प्रभारी जोगेश ठाकुर, प्रदीप शर्मा, मुकेश बघेल, विमलेश बघेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धनौरा में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती..

### समता समिति के तत्वधान ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन..






**जगप्रेरणा धनौरा।**
धनौरा में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। समता अधिकार मंच के तत्वावधान में आयोजित इस जयंती समारोह में सभी सामाजिक वर्गों की उल्लेखनीय उपस्थिति देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर कॉलोनी स्थित विद्युत विभाग कार्यालय के पास स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात समता अधिकार मंच के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा (रैली) निकाली गई, जिसमें बैंड-बाजे, घोड़ा-रथ, डीजे एवं झांकियों के साथ बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं एवं समाजजन शामिल हुए। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरे नगर का भ्रमण कर पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां पंचशील ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष एवं संविधानिक योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रजनीश सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर स्टैचू के पास सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 1,00,000 की राशि प्रदान करने की घोषणा की, जिसे क्षेत्रवासियों ने सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। आयोजन में अनुशासन एवं उत्साह का विशेष वातावरण देखने को मिला। अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में विधायक रजनीश सिंह, सुजीत मिश्रा, ममलेश पटेल, शेख मुस्लिम, निलेश जैन, दिनेश कोरेती, अतुल जैन, हर्षवर्धन बघेल, गिरजा बाई, डेलन सिंह राजनेगी, लकी श्रीवास्तव, विनय राय, यशवंत बघेल, मदन अहिरवार, मनोज बकौड़े, सम्मा खान, पवन अहिरवार, रामनरेश पटेल, रामकुमार रजक एवं तमाम जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचार एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## गैस सिलेंडर के लिए मचा हाहाकार, थाने के अंदर बांटे गए सिलेंडर..





**जगप्रेरणा कन्हीवाड़ा।**
***स्थानीय HP गैस एजेंसी की लचर व्यवस्था और गैस की किल्लत के चलते क्षेत्र में उपभोक्ताओं के बीच भारी असंतोष देखा जा रहा है।***

स्थिति इस कदर बिगड़ गई कि सिलेंडर वितरण के लिए पुलिस का सहारा लेना पड़ा और थाने के परिसर में गाड़ी खड़ी कर गैस सिलेंडर बांटे गए।

### खींचातानी के बीच वितरण..

बताया जा रहा है कि गैस की भारी कमी के कारण उपभोक्ताओं के बीच सिलेंडर लेने के लिए होड़ मची रही। वितरण के दौरान उपभोक्ताओं में काफी खींचातानी और अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस की मौजूदगी में जैसे-तैसे व्यवस्था संभाली गई, लेकिन फिर भी लोग अपनी बारी के लिए परेशान होते दिखे।

### संचालक का तर्क : आपूर्ति में कमी

इस अव्यवस्था पर HP गैस एजेंसी के संचालक का कहना है कि ऊपर से ही पर्याप्त मात्रा में गैस की सप्लाई नहीं मिल रही है। स्टॉक कम होने के कारण उपभोक्ताओं की मांग पूरी करना मुश्किल हो रहा है, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है।

**उपभोक्ताओं के आरोप: OTP** आने के बाद भी लंबा इंतजार वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं ने एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बुकिंग के 45 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। मोबाइल पर डिलीवरी का **OTP** (ओटीपी) प्राप्त होने के बावजूद एजेंसी चक्कर कटवा रही है। लंबे समय से घर में चूल्हा जलने में दिक्कत आ रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। थाना परिसर में हुए इस वितरण ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है कि आखिर कब तक उपभोक्ताओं को मूलभूत सुविधाओं के लिए इस तरह की जद्दोजहद करनी पड़ेगी।

## जिले का परीक्षा परिणाम घोषित: 10वीं में 79.04 प्रति. और 12वीं में 81.85 प्रति. रहा रिजल्ट..








**जगप्रेरणा सिवनी।**
जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी श्री एस एस कुमरे ने जानकारी देकर बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाईस्कूल 10वीं एवं हायर सेकेंडरी 12वीं परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम 15 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे घोषित किया गया। जारी परिणाम के अनुसार सिवनी जिले का प्रदर्शन इस वर्ष जिले में हाईस्कूल परीक्षा का कुल परिणाम 79.04 प्रतिशत रहा, जबकि हायर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम 81.85 प्रतिशत दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय टॉप-10 सूची में सिवनी जिले के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा की छात्रा कुमारी पूर्वी गोल्हानी ने गणित संकाय में 97.00 प्रति. अंक प्राप्त कर प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

उन्होंने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में सिवनी जिले के 17 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया। जिसमें प्रमुख रूप से कुमारी खुशी राजपूत ने 99.20 प्रति अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है वहीं देवेन्द्र दास बैरागी ने 99.00 प्रति. अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान एवं कुमारी प्रीत पटले ने 99.00 प्रति अंक प्रापत कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

इसी तरह लखनादौन की कुमारी मैथली अग्रवाल, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चिमनाखारी की कुमारी प्राची राहंगडाले, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय ढुटेरा के मोहित ठाकुर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बरघाट की कुमारी इशिका राहंगडाले एवं कुमारी हर्षी राहंगडाले ने 98.40 प्रति अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है वहीं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय आष्टा की कुमारी पूजा शरणागत, संस्कार वैली पब्लिक स्कूल चंदनवाड़ा की कुमारी शुभी राय, शासकीय हाईस्कूल बेलपेट कुरई की कुमारी प्रियंका नामदेव एवं शासकीय हाई स्कूल लखनवाड़ा की कुमारी दिशा चौहान ने 98.20 प्रति अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौवा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह लखनादौन की कुमारी आराध्या गोल्हानी, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय आष्टा के जतिन पारधी, शासकीय हाईस्कूल पोनिया के प्रियांशु धुर्वे एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बालक बरघाट की कुमारी जिया गौतम तथा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बालक बरघाट की कुमारी हिमांशी जांगड़े ने 98 प्रति अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस एस कुमरे द्वारा सभी सफल हुए छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को शुभकामनाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। साथ ही, ऐसे विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया गया है जो परीक्षा में असफल रहे या अपेक्षा के अनुरूप अंक प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे निराश न हों और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करते रहें।

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी श्री कुमरे ने बताया कि जिले के विद्यार्थियों ने इस वर्ष प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है, जो जिले के लिए गर्व का विषय है।

## छपारा में धूमधाम से मनाई गई संविधान के रचयिता की जयंती







**जगप्रेरणा छपारा।**
***नगर के संत रविदास भवन में अंबेडकर मिशन एवं विकासखंड अधिकारी जनपद पंचायत छपारा के संयोजन द्वारा मंगलवार को संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई साथ नगर के मुख्य मार्ग पर रैली निकाली।***

### कैवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने दर्ज कराई उपस्थिति..

बाबा साहब अंबेडकर के जन्म जयंती समारोह में क्षेत्रीय विधायक रजनीश हरवंश सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष निशा पटेल, उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह ठाकुर, सीएमओ श्रीमती गीता वाल्मीकि, जनपद पंचायत के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रविंद्र मीणा, विकासखंड अधिकारी राकेश दुबे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जयकेश सिंह ठाकुर, कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष गुलाब साहू भाजपा के अनुसूचित जाति के जिला महामंत्री चेतराम डहेरिया सहित नगर के गणमान्य नागरिको के साथ छपारा के नगर निरीक्षक श्री जैतवार की उपस्थित मे मुख्य अतिथियो ने डा. बाबा साहब अम्बेडकर की प्रेरणादायक एवं साहसिक जीवनी पर अपने अपने वक्तव्य रखे। ज्ञात हो कि दोपहर 2 बजे नगरवासियों सहित अम्बेडकर मिशन छपारा और अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा छपारा द्वारा जयंती कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कन्या शिक्षा परिसर विद्यालय की छात्र छात्राए भी उपस्थित रहे। जिन्होंने नृत्य और नाटक के माध्यम से बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला।

वहीं सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित एवं केंडल जलाकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके बाद सभी मुख्य अतिथियो ने सार गर्भित उद्बोधन दिया, वहीं दोपहर 4 बजे नगर के मुख्य मार्ग पर भव्य रैली निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड परिसर पहुंची जहां रैली में शामिल जनों का पुष्प वर्षा एवं शीतल पेय से नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई जूजर हुसैन द्वारा स्वागत किया वहीं पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सामाजिक समरसता भोज आयोजित किया गया जिसके बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस सम्पूर्ण आयोजन में एडवोकेट लक्ष्मण सिंह अहिरवार का सफल प्रयास सराहनीय रहा।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं बिलाल खान 5/0 रबिया बी घशयार मोहल्ला शहीद वार्ड सिवनी का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम बिलाल खान S/O रबिया की Bilal Khan S/O Rabiya Bee घशमारी मोहल्ला शहीद वार्ड अंकित है। लेकिन मेरे डाइविंग लायसेंस क्रमांक MP22R - 2021 - 0064137 में नाम तालिब बिलाल TALIB BILAL पूर्व में लिखा गया है। अतः जिले सुधार कर मेरा सही नाम बिलाल खान Bilal Khan S/O Rabiya Bee लिखा व पढ़ा जाए। मेरे द्वारा दी गई जानकारी मेरे स्वविवेक के अनुसार सही व सत्य है।

बिलाल खान
Bilal Khan
घशयारी मोहल्ला शहीद वार्ड सिवनी

## बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, एक मृत



**जगप्रेरणा सिवनी।**
***कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बादलपार चौकी के थावरझोड़ी मोड़ के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया।***

चौकी प्रभारी इंजन सिंह मर्सकोले ने बताया कि सुकतरा निवासी राजकुमार भलावी (उम्र लगभग 50 वर्ष) अपने साथी किशोर भलावी के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक **MPZB 206** से सुकतरा से भीमघाट देव घूमने जा रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 11 बजे बाबूटोला लाल घाटी मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

हादसे में राजकुमार भलावी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे किशोर भलावी को चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए कुरई भिजवाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## माय बजट क्वेस्ट 2026 में कन्या महाविद्यालय की छात्रा आमना फिरदौस का चयन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
***उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए***

**My Bharat Budget Quest 2026** प्रतियोगिता का आयोजन माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन के माध्यम से किया गया जिसमें प्रदेश की तकरीबन 12 लाख छात्राओं ने सहभागिता की एवं 700 छात्राओं का चयन राज्य स्तर माय बजट क्वेस्ट 2026 में हुआ

जिसमें महाविद्यालय की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा आमना फिरदौस का चयन हुआ । भोपाल में 11 से 13 अप्रैल के बीच फाइनल चयनित छात्र को बुलाया गया प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंग्ले ने छात्रा ने आमना फिरदौस को बधाई दी एवं छात्र ने बताया कि वह यह बजट क्वेस्ट में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती अलका उइके के मार्गदर्शन मे सहभागिता प्राप्त की।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

सुश्रृत क्षारसुत्र व आयुर्वेद पंचकर्म सेंटर
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक व्हेसल सिलर, लेजर व क्षारसुत्र द्वारा दर्दरहित सफल चिकित्सा
व्हेसल सिलर मशिन | व्हेसल सिलर क्लॅम्प | लेजर
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Scholar) CCKS (Guj)
मुळव्याध, भगंदर व गुदारोग विशेषज्ञ
डॉ. सौ. अपर्णा खोब्रागडे
BAMS, D.P.C. (Mumbai)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
साकेत पब्लिक स्कुल के पास, गणेश नगर, गोंदिया (महाराष्ट्र)
मोबा. 09823021274


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# कक्षा 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित, प्रदेश टॉप 10 में पहुंचकर बालाघाट जिले के 45 छात्र छात्राओं ने बढ़ाया जिले का गौरव..

### जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय के प्रयासों से बालाघाट ने की शैक्षणिक प्रगति..

### कक्षा 10 वी में 37 विद्यार्थीयो ने प्रदेश टॉप टेन मे पहुंचकर पुरे प्रदेश को पछाड़ा..

### उत्तीर्ण विद्यार्थियों के प्रतिशत में बालाघाट जिला प्रदेश में छटवें स्थान पर..

## पिता नहीं है, मजदूर मां की बेटी सरकारी स्कूल में पढ़कर पहुंची प्रदेश टॉप टेन में दूसरे नंबर पर..



**खैरलांजी के टुईयापार की रहने वाली तथा शासकीय उच्च. मा. विद्यालय छतेरा की कक्षा दसवीं की छात्रा कु. अक्षरा घोड़ेश्वर ने 500 में से 498 नंबर प्राप्त कर पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। अक्षरा के संदर्भ में शिक्षा विभाग के शाहीद सिद्दीकी ने बताया कि कु. अक्षरा के पिता और भाई की 2020 में मौत हो गई थी, तब से उनकी मां मजदूरी करके तीन बेटियों को पढ़ा रही हैं। अक्षरा ने खूब मेहनत करके सफलता प्राप्त की है। वह अब डॉक्टर बनकर अपनी मां का सपना पूरा करना चाहती हैं।**



छात्रा की सफलता पर उसका मूंह मीठा कराकर बधाई देते उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शरद ज्योतिषी - छाया - सोनु, जगप्रेरणा बालाघाट

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (कक्षा 10 वीं) एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा (कक्षा 12 वीं) की परीक्षाओं के परिणाम आज 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में भोपाल में घोषित किये गए। दोनों ही परीक्षाओं में बालाघाट जिले ने अनेक वर्षों के बाद बड़ी सफलता अर्जित की है, तथा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने***

वाले जिलों में प्रदेश में बालाघाट जिला 06 वें स्थान पर पहुंचा है, तथा 10 वीं की हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में बालाघाट जिले के 37 छात्र छात्राओं ने एवं 12वीं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 08 छात्र छात्राओं ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है। विद्यार्थीयों की इस सफलता पर कलेक्टर मृणाल मीना ने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता एवं परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए नियमित रूप से प्राचार्यो की बैठक लेकर शिक्षण व्यवस्था की समीक्षा की जाती रही है। शालाओं में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की गई और अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से शालाओं का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था की निगरानी की गई, जिसके फ्लस्वरूप बालाघाट जिला कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने में सफल रहा है।

## कक्षा 10 वी मे 37 विद्यार्थी प्रदेश टॉप टेन मे.. बना एक बड़ा रिकार्ड..

**गौरतलब है कि वर्ष 2026 के परीक्षा परिणामों में बालाघाट जिले के शासकीय स्कूलों के बच्चों ने निश्चित ही कमाल कर दिया। प्रदेश की टॉप टेन में तो 37 विद्यार्थीयों ने एक साथ प्रदेश टॉप टेन में पहुंचकर एक ऐसा रिकार्ड बना दिया, जिससे दावा किया जा सकता है कि यह रिकार्ड तो सिर्फ बालाघाट के नाम ही होगा, और बालाघाट जिले ने ऐसा रिकार्ड बनाकर पुरे प्रदेश के सभी जिलों को पछाड़ दिया है।**

## कक्षा 12 वी प्रदेश टॉप टेन मे पहुंचे बालाघाट जिले के ये 08 विद्यार्थी..

12 वीं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्रदेश टॉप 10 में जिले के 08 छात्र छात्राओं ने स्थान अर्जित कर जिले व शिक्षा संस्थाओं का गौरव बढ़ाया है, जिसमें कला समूह से शिवम अवधिया हायर सेकेण्डरी स्कूल बल्हारपुर ने 500 में से 482 तथा गणित समूह की कु. भावना पटले कन्या उच्चतर हायर सेकेण्डरी कटंगी ने 500 में से 485 अंक हासिल कर 08वॉ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार वाणिज्य समूह के आर्य गिरी गोस्वामी नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माटे ने 481 अंक प्राप्त कर 10वां स्थान प्राप्त किया। कृषि समूह से स्वाति उइके हायर सेकेण्डरी झालीवाडा एवं मृणाली ठवरे हायर सेकेण्डरी झालीवाडा ने 484 अंक प्राप्त कर 05 वां स्थान प्राप्त किया। जीव विज्ञान समूह से कु. स्तुति जैन वैदिक कान्वेंट इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा ने 489 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान एवं इसी स्कूल की कु. अश्मी पारासर ने 483 अंक प्राप्त कर 09 वां स्थान, अदिती तिवारी उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर 10 वां स्थान प्राप्त किया है।

बालाघाट जिले में कक्षा 12वीं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम शासकीय स्कूलों का 89.28 प्रतिशत एवं अशासकीय स्कूलों का 72.21 प्रतिशत रहा है। कक्षा 12वीं में जिले के 86.67 प्रतिशत नियमित छात्र छात्राओ ने एवं 39.97 प्रतिशत प्रायवेट छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसी प्रकार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शासकीय स्कूलों का 89.38 प्रतिशत एवं अशासकीय स्कूलों का 74.44 प्रतिशत रहा है। कक्षा 10वीं में जिले के 87.18 प्रतिशत नियमित छात्र छात्राओ ने एवं 36.18 प्रतिशत प्रायवेट छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। हायर सेकेण्डरी कक्षा 12 वीं एवं हाईस्कूल कक्षा 10वीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों में बालाघाट जिला प्रदेश में छटवें स्थान पर है।

## कक्षा 10 मे ये विद्यार्थी पहुंचे प्रदेश टॉप 10 में..

गौरतलब है कि कक्षा 10 वीं में प्रदेश की टॉप टेन सूची में कुल 37 विद्यार्थीयों ने स्थान अर्जित किया है, जिसमें प्रदेश में दूसरा स्थान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतेरा की कु. अक्षरा घोडेश्वर ने 500 में से 498 अंक लेकर प्राप्त किया है। इसी प्रकार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाडाघाट के शिवम बोपचे ने 497 अंक लेकर तीसरा स्थान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम की कु. भूमि बिसेन ने 496 अंक लेकर चौथा स्थान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्हारपुर के दिव्यांश चावके एवं सांदीपनि विद्यालय बालाघाट की नैना लिल्हारे ने 495 अंक लेकर पांचवा स्थान, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर के निश्चय राणा एवं कु. डेजी बिसेन तथा शासकीय हाईस्कूल टेकाडी की कु. निधी पुंड व सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के रेयांश चौरागढे ने 494 अंक लेकर छटवॉ स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी की जागृति लिल्हारे, हायर सेकेण्डरी विद्यालय जाम के विनायक ठाकरे, नवीन हाईस्कूल रिसेवाडा के रौनक बागडे, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेण्डेझरी के पियुष टेम्भरे, सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के अनंत पंचेश्वर, कु. अंशिका गंगभोज ने 493 अंक लेकर 07 वॉ स्थान, एमसीएस स्कूल बालाघाट की कु. दिशा गौतम, सार्थक पब्लिक स्कूल किरनापुर की कु. विशाखा बापुरे, बालाघाट पब्लिक स्कूल नर्मदा नगर के ललित पारधी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाडाघाट की तनवी नगपुरे ने 492 अंक लेकर आठवॉ स्थान, एमसीएस स्कूल बालाघाट की कु. शिवांगी पाण्डे, सरस्वती शिशु मंदिर किरनापुर की कु. रागिनी पटेल, हायर सेकेण्डरी स्कूल आलेझरी की कु. मनू कटनकर, हाईस्कूल कोसुम्बा के डेविड उजबगले, हाईस्कूल टेकाडी की कु. वाणी सोनी, नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगझरी की कु. पीहू परीमल, उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट की कु. हीना ठाकरे, वीरांगना रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट की कु. यामिनी शरणागत, कु. हिमांशी कुथे ने 491 अंक लेकर 09 वॉ स्थान, केशव इंग्लिश हाईस्कूल वारासिवनी की कु. प्रीत राणा, आईडियल पब्लिक स्कूल वारासिवनी की कु. माही सुलाखे, सांदीपनि स्कूल रजेगांव की कु. स्मृति कावरे, बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा की कु. अंशु राहंगडाले, कु. माही राहंगडाले, सांदीपनि स्कूल बालाघाट की कु. निशा तेलाशे, कु. श्वेता बंटे, कु. देवांशी देशमुख ने 490 अंक लेकर 10वॉ स्थान प्राप्त किया है।

## जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने दी बधाई...

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में जबसे जिला शिक्षा अधिकारी के रुप में अश्विनी उपाध्याय ने पदभार संभाला है, बालाघाट में शिक्षा व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार देखने में आया है। संपूर्ण जिले में ग्रामीण और दूर अंचलों तक स्कूलों का निरीक्षण करने के साथ ही सतत प्रयासों का परिणाम रहा कि बालाघाट जिले ने रिकार्ड सफलता हासिल की है। जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने के लिए बधाई एवं शुभकामना दी है ओर अपेक्षा की है कि आने वाले वर्ष में इससे भी बेहतर परीक्षा परिणाम लाने में वे सफ्ल रहेंगे।

## सफलता से चुके विद्यार्थीयो के लिये भी अवसर.. - बोले जिला शिक्षा अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि मण्डल द्वारा इस वर्ष से पूरक परीक्षा के स्थान पर द्वितीय अवसर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। ऐसे छात्र जो मण्डल की प्रथम परीक्षा में एक या अधिक विषयों में अनुपस्थित / अनुत्तीर्ण रहे हो द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे और ऐसे परीक्षार्थी जो किसी विषय में उत्तीर्ण हो गए हो, वे भी अंक सुधार हेतु द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। परीक्षार्थियों का प्रथम एवं द्वितीय अवसर में से जो भी श्रेष्ठ परिणाम होगा वह अंतिम रूप से मान्य रहेगा। प्रायोगिक विषयों में किसी छात्र को प्रायोगिक एवं आंतरिक परीक्षा के केवल अनुत्तीर्ण भाग में सम्मिलित होने की पात्रता होगी। द्वितीय अवसर परीक्षा में परीक्षार्थी को विषय परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 15 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 रात 12 बजे तक एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भरे जा सकेंगे। द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को मुख्य परीक्षा की अंकसूची जारी नहीं की जाएगी। द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की मूल अंकसूची जारी होने तक डिजी लॉकर के माध्यम से अपनी अंकसूची की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकते है। द्वितीय अवसर का परीक्षाफ्ल घोषित होने पर ऐसे परीक्षार्थियों को अंकसूची जारी की जाएगी। द्वितीय अवसर परीक्षा का आयोजन दिनांक 07 मई से 25 मई 2026 तक किया जाएगा।

# कक्षा 10 वी प्रदेश प्राविण्य सूची में सांदीपनि विद्यालय बालाघाट ने बनाया सफलता का रिकार्ड..

### 09 विद्यार्थी पहुंचे टॉप टेन में, 12 वीं में उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम..






**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कक्षा दसवीं व बारहवीं के परीक्षार्थियों को वार्षिक परीक्षा के बाद यदि किसी का इंतजार होता हैं,तो वह परीक्षा परिणाम का इंतजार होता हैं जिसे माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा आज दिनांक 15 अप्रैल 2026 को मान.मुख्यमंत्री म.प्र.शासन के मुख्य आतिथ्य में घोषित कर दिए गए। विगत वर्षों की भांति इस बार भी सांदीपनि विद्यालय बालाघाट की कक्षा 10 वीं व 12 वीं का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा।***

प्रदेश की प्राविण्य सूची में सांदीपनि विद्यालय बालाघाट की कक्षा 10 वीं के परीक्षार्थियों में कु.नैना लिल्हारे-495 अंक - पांचवा स्थान, रेयांश चौरागडे-494 अंक-छटवां स्थान, अनंत पंचेश्वर व कु.अंशिका गंगभोज - 493 अंक- क्रमशः सातवां स्थान, कु.यामिनी शरणागत व कु.हिमांशी कुथे-491 अंक क्रमशः -नवमा स्थान, कु.स्वेता बानते, कु.देवांशी व कु.निशा ने 490 अंक अर्जित कर क्रमशः दशवां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार जिले की प्राविण्य सुची में कु. कौतिका शिव व मिलिंद टांडिया-489 अंक- क्रमशः प्रथम स्थान,कु.चंचल पंचेश्वर 488 द्वितीय स्थान, कु.अक्षरा उपवंशी व कु.गेशना पंचेश्वर ने 487 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में जिले की प्राविण्य सूची में कक्षा बारहवीं (वाणिज्य संकाय) से कु. मिताली टेंभरे ने 478 अंक अर्जित कर 95.6 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।

## विद्यार्थीयो व पालको को किया गया सम्मानित..

सम्मान समारोह आयोजित कर इन सभी छात्र-छात्राओं के साथ पालकों तथा कक्षा शिक्षकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के फ्लस्वरूप जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट श्री अश्विनी उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में संस्था प्राचार्य डॉ.युवराज राहंगडाले, उप प्राचार्य साजिद मोहिस खान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए संस्था प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बोले युवराज राहंगडाले..

इस सफलता पर संस्था प्राचार्य युवराज राहंगडाले ने बताया कि सभी शिक्षकों ने विगत सत्र के शुभारंभ होते ही 01 अप्रैल 2025 से परीक्षा पूर्वाभास एग्जाम प्रिप्रेशन की नियमित श्रृंखलाबद्ध तैयारी की गई। पढ़ाए गए पाठ्यक्रम को योजनाबद्ध तरीके से पुनरावृत्ति कर, विगत पांच सत्र के प्रश्नों को प्रत्येक विद्यार्थी से हल कराकर परीक्षा की तैय्यारी कराई गई। इसके साथ ही टीएलएम के माध्यम से कठिन अवधारणाओं को सरलतम रुप से कक्षा में समझाया गया। नियमित कक्षा संचालन के साथ इकाई परीक्षण, अपेक्षाकृत कमज़ोर छात्र-छात्राओं के लिए अतिरिक्त समय में उपचारात्मक कक्षाएं संचालित कर विद्यार्थियों की तैयारी कराई गई।

गौरतलब है कि इस प्रकार शिक्षकों के निरंतर सुनियोजित प्रयास से उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर संस्था प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले एवं उपप्राचार्य साजिद मोहिस ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई प्रेषित कर धन्यवाद ज्ञापित किया व निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया है जिससे की भविष्य में भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से सांदीपनि विद्यालय बालाघाट गौरवान्वित होता रहे।

## कुल परीक्षा परिणाम

संस्था प्राचार्य ने यह भी बताया कि वर्तमान सत्र में कक्षा 10 वीं के कुल दर्ज 483 विद्यार्थीयों में से 478 परीक्षार्थियों उत्तीर्ण हुए तथा 05 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए। जिसमें से 123 परीक्षार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कक्षा 10 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98.9 प्रतिशत रहा। इसी क्रम में आज घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 12 वीं के कुल दर्ज 379 परीक्षार्थियों में से 362 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 17 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहें। इनमें से 176 छात्रों ने 75 प्रतिशत तथा 27 छात्रों ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षोन्नति प्राप्त किया। इस प्रकार कक्षा बारहवीं का कुल परीक्षा परिणाम 95.05 प्रतिशत रहा।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने की बालाघाट जिले के सभी नगरीय निकायों के विकास कार्यों की आवश्यक समीक्षा

### स्वच्छता सर्वेक्षण में निकायों को रैंकिंग सुधारने गंभीरता से प्रयास करने के दिये निर्देश..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 15 अप्रैल को जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला शहरी अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री राहुल नायक, नगरीय निकाय बालाघाट, वारासिवनी, मलाजखंड, बैहर, कटंगी एवं लांजी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि अपने निकाय की रैंकिंग सुधारने के लिए गंभीरता से प्रयास करें। स्वच्छता सर्वेक्षण में जिन निकायों की रैंकिंग में सुधार नही होगा उनके जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी अजय पटले के अनुपस्थित पाये जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। अमृत 2.0 के कार्यों की समीक्षा के दौरान हर घर नल से जल पहुंचाने एवं सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन के कार्यों की जानकारी ली गई।

इस दौरान निर्देशित किया गया कि जिन नगरीय निकायों की ड्राईंग डिजाईन अनुमोदन के लिए भोपाल स्तर पर लंबित है उसके लिए स्मरण पत्र जारी किया जाए। बैठक में आईएसएस 2.0 योजना की समीक्षा के दौरान नगरीय क्षेत्रों के अधिक से अधिक पात्र लोगों को आवास ऋण के लिए बैंक में आवेदन कराने के निर्देश दिये गए। श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीयन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि इसमें संतोषजनक प्रगति नही हुई है। इस पर जिन निकायों में स्ट्रीट वेंडर के आवेदन कम हुए है उन निकायों के नोडल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में निर्देशित किया गया कि जिन निकायों में फीश पार्लर का कार्य अब तक पूर्ण नही हुआ है उसे शीघ्रता से पूर्ण कराये। इसी प्रकार नगरीय निकायों के गीता भवन के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिये गए। बैठक में समग्र ईकेवायसी एवं सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई और नगरीय निकायों को बकाया कर की सख्ती से वसूली करने कहा गया।

## 26 अप्रैल को राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन, जिले में 9 केंद्रो पर शामिल होंगे 3866 परीक्षार्थी..

जगप्रेरणा बालाघाट। म.प्र. लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आगामी 26 अप्रैल को राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन बालाघाट जिले के 09 परीक्षा केंद्रो पर दो सत्रों में प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे एवं दोपहर 2:15 से 4:15 तक आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में 3866 परीक्षार्थी शामिल होंगे। शास. उ. माध्यमिक विद्यालय सिंडिकेट बैंक के पास भरवेली बालाघाट में 250, सरस्वती शिशु मंदिर वार्ड नं. 28 सरस्वती नगर बालाघाट में 300, वीरांगना रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थाना कोतवाली के सामने बालाघाट में 500, शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में 500, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 600, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज गायखुरी रोड बालाघाट में 400, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 504, अपूर्व कांवेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल वार्ड नं. 04 फ्रेंड्स कॉलोनी बैहर रोड बालाघाट में 400 एवं शासकीय एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में 412 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस प्रकार 09 परीक्षा केंद्रो पर कुल 3866 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए 15 अप्रैल को अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में परीक्षा केंद्र से संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय एवं स्वास्थ्य व विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि यह परीक्षा निर्विघ्न, सुव्यवस्थित एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आयोग द्वारा नवीन प्रक्रिया अपनायी जा रही है। जिसके अंतर्गत परीक्षा केंद्रो पर सीसीटीवी सर्विलेंस, बायोमेट्रिक फिंक्सिंग एवं वीओआईपी की व्यवस्था लागू की जा रही है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत समस्त परीक्षा केंद्रो पर परीक्षार्थियों को परीक्षा के 90 मिनट पूर्व अनिवार्य रूप से प्रवेश दिया जाना है। बैठक में प्राचार्यो को निर्देशित किया गया कि वे आयोग के निर्देशानुसार 26 अप्रैल को परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करें।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

जग प्रेरणा

# लालबर्रा / बैहर / परसवाडा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

## रजेगांव का गौरव: सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास, मेरिट लिस्ट में दर्ज की शानदार उपस्थिति..

अमन राउत, जगप्रेरणा रजेगांव।

***शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर सांदीपनि विद्यालय, रजेगांव ने अपना परचम लहराते हुए पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए***





स्मृति कावरे


प्रीति बिसेन


प्रीति ढेकले


नैतीक्षा नंदागवली


दुर्गा पंचबूधे


दिव्यांशी लिल्हारे

न केवल शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया, बल्कि प्रवीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) में भी स्थान बनाकर जिले सहित प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

कक्षा दसवीं की होनहार छात्रा स्मृति कावरे ने 98% बनाकर पूरे मध्य प्रदेश की प्रवीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और पूरे गांव का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन के बल पर किसी भी ऊंचाई को छुआ जा सकता है। वहीं विद्यालय में द्वितीय स्थान पर दुर्गा नेतराम पंचबूधे ने 96.2% अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि तृतीय स्थान पर दिव्यांशी हंसलाल लिल्हारे ने 95.6% अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम भी बेहद सराहनीय रहा। कक्षा दसवीं में विद्यालय ने 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। इसी तरह कक्षा 12वीं के गणित और विज्ञान संकाय में भी 100 प्रतिशत परिणाम रहा, जबकि कला संकाय में 96 प्रतिशत परिणाम हासिल किया गया, जो विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है। कक्षा 12वीं में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इस वर्ष विद्यालय की छात्रा प्रीति बिसेन ने 90.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर प्रीति ढेकले ने 89.8% अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर नैतीक्षा नंदागवली ने 89.4% अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय के इस अभूतपूर्व परिणाम के पीछे शिक्षकों की मेहनत, मार्गदर्शन और समर्पण की अहम भूमिका रही है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को न केवल पढ़ाई में मार्गदर्शन दिया, बल्कि उन्हें हर चुनौती से लड़ने की प्रेरणा भी दी। वहीं विद्यार्थियों ने भी अनुशासन, परिश्रम और लगन के साथ अध्ययन कर इस सफलता को संभव बनाया।

इस उपलब्धि में अभिभावकों का योगदान भी सराहनीय रहा, जिन्होंने अपने बच्चों को हर परिस्थिति में सहयोग और प्रोत्साहन दिया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों का ही परिणाम है कि आज सांदीपनि विद्यालय, रजेगांव सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

विद्यालय की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है। हर कोई इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और समर्पित शिक्षकों की प्रशंसा कर रहा है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।

## ग्राम पंचायत भरवेली की बदलती तस्वीर, पंचायत भवन में ई लाईब्रेरी का समारोहपूर्वक शुभारंभ आज..

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण व कलेक्टर मृणाल मीना के हस्ते होगा शुभारंभ..

### सरपंच गीता अनिल बिसेन के प्रयासों से मिल रही एक और बड़ी सौगात..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर मुख्यालय से लगी हुई मॉयल नगरी के रुप में प्रसिद्ध ग्राम पंचायत भरवेली कभी ऐसी बेहाल हुआ करती थी, जहां ना तो सहीं पंचायत भवन था, ना ही उत्कृष्ट व्यवस्थाएं, लेकिन बदलते दौर में जब ग्राम पंचायत सरपंच के रुप में***

गीता अनिल बिसेन ने पंचायत सरपंच की जिम्मेदारी संभाली, तो देखते ही देखते एक एक कर गीता बिसेन के प्रयासों से ग्राम पंचायत उत्कृष्ट व्यवस्थाओं से सुसज्जित हो गई। ग्राम पंचायत भरवेली जहाँ पोस्ट ऑफिस, आधार केंद्र एवं पटवारी कार्यालय जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध है, तथा आम नागरिकों को तत्परतापूर्वक सभी सेवाएं देने का कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन के नेतृत्व में अब ग्राम में ग्राम के विद्यार्थीयों की शैक्षणिक प्रगति एवं शैक्षणिक उत्थान के लिये एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'माता सावित्री फुले ई-लाइब्रेरी' का शुभारंभ आज दिनांक 16 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को ग्राम पंचायत परिसर, भरवेली में किया जा रहा है।

### इनके करकमलों से होगा शुभारंभ..

गौरतलब है कि आज पंचायत भवन भरवेली में ई लाईब्रेरी का शुभारंभ श्री प्राणेश कुमार प्राण, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालाघाट के मुख्यातिथ्य में तथा श्री मृणाल मीणा कलेक्टर, जिला बालाघाट, श्री आदित्य मिश्रा पुलिस अधीक्षक, बालाघाट, श्री सतीश शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट, श्री जितेन्द्र मोहन धुर्वे जिला विधिक सहायता अधिकारी, बालाघाट, श्री उमेद सिंह भाटी महाप्रबंधक, मॉयल लिमिटेड, बालाघाट, श्री विवेक कुमार प्रबंधक, मॉयल लिमिटेड, बालाघाट के विशेष आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती गीता अनिल बिसेन सरपंच, ग्राम पंचायत भरवेली करेंगी।

### सरपंच ने दी यह जानकारी..

सरपंच गीता अनिल बिसेन ने बताया कि यह ई-लाइब्रेरी मॉयल (सी.ई.आर.) योजना, जनभागीदारी एवं पंचायत निधि के संयुक्त प्रयासों से निर्मित की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों को डिजिटल एवं आधुनिक शिक्षा संसाधनों से जोडऩा तथा उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक युग के अनुरूप सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 16 अप्रैल 2026 को सायं 3 बजे ग्राम पंचायत परिसर, भरवेली में किया जाएगा।

### भव्य उपस्थिति की अपील..

सरपंच श्रीमती गीता बिसेन ने समस्त ग्रामवासियों एवं ग्राम के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकों से भी अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि यह ई-लाइब्रेरी गांव के बच्चों एवं युवाओं के उज्वल भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे..
मो. 9329033433

## डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती में उमड़ा वंदन, अभिवादन का जनसैलाब

**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**





प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत के महान शिल्पकार, भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर जी की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती के अवसर पर ग्राम में विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही। 14 अप्रैल को प्रातः कार्यक्रमों की शुरुआत त्रिशरण पंचशील ग्रहण के साथ की गई।

इस दौरान बुद्धिस्ट कमेटी के अध्यक्ष श्री बाबूलाल गजभिये, उपाध्यक्ष श्रीमती निशा गोंडाने एवं सचिव श्री रितिक कामड़े की गरिमामयी उपस्थिति रही। तत्पश्चात बुद्ध विहार में गौतम बुद्ध, डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर, सावित्रीबाई फुले, ज्योतिराव फुले एवं बिरसा मुंडा जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक वंदन किया गया।

इसके उपरांत भव्य रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में अनुयायी डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए ÷जय भीम÷ के नारे लगा रहे थे। रैली ने पूरे ग्राम का भ्रमण किया और पुनः बुद्ध विहार पहुंचकर बाबासाहेब आंबेडकर चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान श्री ओमकार राहंगडाले, श्री नरेश उइके, श्री देवेन्द्र बिसेन, श्री अनिल बिसेन एवं श्री हिमांशु मेश्राम द्वारा अपने-अपने घरों के सामने रैली का स्वागत करते हुए कोल्ड ड्रिंक्स, स्वल्पाहार एवं पेयजल की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष श्री जेम्स बारिक, श्री सुनील उइके, मेडिकल ऑफिसर सौरभ उइके ग्राम के वरिष्ठ नागरिक श्री ओमकार राहंगडाले, श्रम जीवी पत्रकार संघ तहसील उकवा के अध्यक्ष श्री अशोक राऊत, श्रम जीवी पत्रकार संघजिला उपाध्यक्ष श्री सलीम खान, श्रम जीवी पत्रकार संघ जिला कार्यकारिणी सदस्य सजना बर्वे, श्री सतीश उमरे, श्री राजेश उमरे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे और बाबासाहेब को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्री राजेश राहंगडाले, श्री सर्वेश नागवंशी, अधीक्षक श्री रामलाल पटले, अधीक्षक श्री शिवनंद मेरावी, श्री सुनील उइके एवं श्री प्रकाश गौतम का विशेष सहयोग रहा।

### मनचासी कार्यक्रमों का भी हुआ आयोजन

संध्या 7 बजे बुद्ध विहार में मनचासी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच श्री सुनील उइके, सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष श्री जेम्स बारिक, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक श्री ओमकार राहंगडाले, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौरभ उइके, श्री राजेश उमरे, अधीक्षक श्री रामलाल पटले, अधीक्षक श्री शिवनंद मेरावी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर जी के जीवन, उनके संघर्ष एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को बाबासाहेब के जीवन पर आधारित पुस्तकें एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। यह संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, समता, भाईचारे एवं सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर जी के आदर्शों को साकार करता

## परसवाड़ा में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन, 12 वीं में हर्षिता नेवारे और 10वीं में ऋषभ धानेश्वर अव्वल





### 12वीं का परिणाम 91% और 10वीं का 98%, छात्राओं ने फिर मनवाया लोहा..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम 15 अप्रैल को दोपहर 11 बजे घोषित किए गए। परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र सहित विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,***

परसवाड़ा ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं का परिणाम 98 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो संस्था के बेहतर शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों की निरंतर मेहनत को दर्शाता है।

कक्षा 12वीं में हर्षिता नेवारे (पिताङ्क मनोज नेवारे) ने जीव विज्ञान संकाय से 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित विद्यालय का नाम गौरवान्वित हुआ है। वहीं पूजा सोनेकर (पिताङ्क अमरचंद सोनेकर) ने कृषि संकाय से 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पूर्वा ठाकरे (पिताङ्क मेघराज ठाकरे) ने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। तीनों छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह एक बार फिर सिद्ध हुआ कि छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।





कक्षा 10वीं के परिणाम में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। ऋषभ धानेश्वर (पिताङ्क मुकेश धानेश्वर) ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर 90 प्रतिशत अंकों के साथ ऋषि धानेश्वर (पिताङ्क मुकेश धानेश्वर) रहे, जबकि पाहुनी बनवाले (पिताङ्क मनोज बनवाले) ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता अर्जित की।

सहायक संचालक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय के प्राचार्य डी.डी. ठाकरे ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त प्रतिफल है। विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सफल विद्यार्थियों का मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उनकी सफलता का जश्न मनाया। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी संस्था इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देती रहेगी।

## सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल दसवीं का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***इस वर्ष कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष कुल परिणाम प्रतिशत बहुत ही***


अपूरव उईके


कुनाल नेवारे


राशी बघेले


निदीत्या मर्सकोले

सराहनीय रहा और विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। टॉपर विद्यार्थियों ने अपने कठिन परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधन और प्राचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की, जिनके सहयोग से विद्यार्थियों ने यह सफलता अर्जित की। अभिभावकों ने भी विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मेहनत का परिणाम बताया। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने और उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### बालाघाट जिले में 15 अप्रैल से शुरू हुई गेहूं की खरीदी

### 38 किसानों ने कराया स्लॉट बुक..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।***

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष जिले में कुल 13 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 15 अप्रैल 2026 से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 15 अप्रैल तक जिले के 38 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए स्लॉट बुक कराया है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। किसान गेहूँ विक्रय के लिए 24 अप्रैल 2026 तक स्लॉट बुक कर सकते है।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस पर शासन द्वारा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल गेहूँ का 2625 रुपए प्राप्त हुआ। खरीदी प्रक्रिया निर्धारित एफए.क्यू. (स्वत्त) मापदंडों के अनुसार ही की जा रही है। साथ ही, नॉन-एफए.क्यू. गेहूं की सफाई के लिए केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। इनमें बड़ा छन्ना, पंखा, क्लीनिंग एवं ग्रेडिंग मशीन और नमी मापक यंत्र शामिल हैं। इन सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संबंधित समिति संचालकों को सौंपी गई है।

जिले की विभिन्न तहसीलों में स्थापित उपार्जन केंद्रो में बालाघाट, किरनापुर, लांजी, वारासिवनी, लालबर्रा, खैरलांजी, कटंगी, बैहर, बिरसा और परसवाडा क्षेत्र शामिल है, जहां सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदी की जाएगी। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि से उपार्जन केंद्रों पर पहुंचकर अपनी उपज का विक्रय करें और शासन की समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठाएं।




जग प्रेरणा

# वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार






दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

## होनहार बिटवा ने बढ़ाया मानः मजदूरी करने वाले के बेटे शिवम ने प्रदेश की मेरिट सूची में हासिल किया तीसरा स्थान..





जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***जब इरादे नेक और मेहनत सच्ची हो, तो अभाव भी सफलता की राह नहीं रोक सकते। इसे सच कर दिखाया है तहसील के ग्राम परसवाड़ाघाट के एक साधारण परिवार के छात्र शिवम बोपचे ने।***

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में शिवम ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) में तीसरा स्थान प्राप्त कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है।

### अभावों के बीच गढ़ा सफलता का कीर्तिमान

हायर सेकेंडरी स्कूल परसवाड़ाघाट के छात्र शिवम ने 500 में से 497 अंक अर्जित किए हैं। शिवम की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि उनके पिता विनोद बोपचे और माता श्रीमती सरिता बोपचे मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। तंगहाली और सीमित संसाधनों के बावजूद शिवम ने कभी अपनी पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दी। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी सुख-सुविधा की मोहताज नहीं होती।

### शिक्षकों और माता-पिता को दिया श्रेय

अपनी ऐतिहासिक सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए शिवम ने कहा कि यह उनके गुरुजनों के मार्गदर्शन और माता-पिता के त्याग का परिणाम है। उन्होंने कहा, ÷मेरे माता-पिता ने दिन-रात मेहनत कर मुझे पढ़ाया है। स्कूल के शिक्षकों ने हर कदम पर मेरा साथ दिया और कठिन विषयों को भी सहज बनाया।÷ शिवम की उपलब्धि की खबर मिलते ही उनके विद्यालय और गांव में जश्न का माहौल है। शिक्षकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रोफेसर बनकर समाज को शिक्षित करने का सपना

भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछने पर शिवम की आँखों में एक अलग चमक दिखी। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में प्रोफेसर बनना चाहते हैं। शिवम का कहना है कि वे शिक्षा के क्षेत्र में जाकर उन बच्चों की मदद करना चाहते हैं जो गरीबी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। वे चाहते हैं कि उनके जैसे ग्रामीण परिवेश के बच्चे भी बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करें।

### क्षेत्र में हर्ष की लहर

क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने शिवम की इस उपलब्धि को कटंगी क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है। ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर जब कोई छात्र प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बनाता है, तो वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है। शिवम की सफलता आज उन हजारों विद्यार्थियों के लिए मिसाल है जो कठिन परिस्थितियों में संघर्ष कर रहे हैं।

## भारत रत्न डॉ.भीमराव बाबा साहेब अंबेडकर जयंती मनाया गया





जगप्रेरणा महकेपार।

***केजीवीएस संस्था के द्वारा ग्राम पंचायत कोसुम्बा तथा सुकली में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ.भीमराव बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।***

कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडवोकेट कपिल फूले, सामाजिक कार्यकर्ता जैपाल पुष्पतोड़े, जनपद सदस्य श्रीमती ज्योति सूर्यवंशी, सुकली सरपंच घनश्याम कुंजाम **Kgvs** संस्था अध्यक्ष युवराज मूर्खे, सामाजिक कार्यकर्ता प्रतीक खोबरागडे, की उपस्थित रहे।

एडवोकेट कपिल फूले, द्वारा संबोधित किया तथा संविधान में निहित अधिकारों व जानता को उससे कैसे लाभ मिले उसको बहुत ही सूक्ष्मता के साथ रखा ग्रामीण जनों को सामाजिक आर्थिक शौषण के विरुद्ध अपने अधिकारों के लिए न्याय की क्या क्या व्यवस्थाये है इसको भी बताया।

इनके पश्चात कार्यक्रम को संबोधित सामाजिक कार्यकर्ता जैपाल पुष्पतोड़े ने किया जिसमें उन्होंने भारत रत्न डॉ भीमराव बाबा साहेब अंबेडकर जी की जीवनी व संविधान पर प्रकाश डाला तथा बाबासाहेब के जीवन संघर्ष, उनके सामाजिक सुधारों और शिक्षा के महत्व तथा अपने क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति को समाज के सामने रखा डॉ भीमराव साहेब अंबेडकर जी के जो उद्घोष थे उनको भी रखा÷शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो÷ तथा शिक्षा उस शेरनी का दूध है जो इसमें पी ले ओ लाखों करोड़ों लोगों में दहाड़ सकता कहने का आशय ये कि शिक्षित व्यक्ति अपनी बातों को कही भी रख सकता है।

ग्रामीण जनों को नशा मुक्ति पर शपथ भी दिलाई गई कार्यक्रम संचालन व तैयारी श्रीमती प्रेमलता रामटेके ने कराया, कार्यक्रम में सहसचिव कुलदीप जामुनपाने पवन, एवं सविता खोबरागड़े आदित्य निकोशे ग्रामीण जन माताएं बहने उपस्थित रहे।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार
एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क
करे.. मो. 9329033433

## शासकीय मॉडल स्कूल बैहर का 10 वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत..

### दो छात्रों ने मेरिट सूची में बनाई जगह











जगप्रेरणा बैहर।

***बालाघाट जिले के बैहर स्थित शासकीय मॉडल स्कूल ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय ने कक्षा 10वीं में शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत)***

परिणाम हासिल कर क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है, वहीं 12वीं कक्षा में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

सबसे खास बात यह रही कि कक्षा 10वीं की प्रदेश स्तरीय प्राविण्य सूची में विद्यालय के दो विद्यार्थियों निश्चय राणा (पिताः दिनेश राणा) एवं डेजी बिसेन (पिताः लिकेश बिसेन) ने छठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय में 10वीं कक्षा के कुल 95 विद्यार्थियों में से 94 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 1 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ। इनमें 40 विद्यार्थियों ने ए+ ग्रेड और 38 विद्यार्थियों ने ए ग्रेड प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय लगातार दूसरे वर्ष भी 10वीं में 100 प्रतिशत परिणाम देने में सफल रहा है।

कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 93त्न रहा। कुल 84 विद्यार्थियों में से 22 विद्यार्थियों ने ए+ ग्रेड तथा 31 विद्यार्थियों ने ए ग्रेड हासिल किया। विद्यालय स्तर पर कक्षा 12वीं में श्रेयांशी शर्मा (वाणिज्य संकाय) ने 93.6त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सारा पन्द्रे (कला संकाय) ने 91त्न के साथ द्वितीय स्थान और भौतिक भैरम (वाणिज्य संकाय) ने 90त्न अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार खोब्रागड़े ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिन पूरे विद्यालय परिवार के लिए उत्सव के समान है। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों के समर्पण, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने विद्यालय परिवार, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने आगे कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी भी परिस्थिति में ऊंचाइयों को छू सकती है। विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह उपलब्धि न केवल बैहर बल्कि पूरे बालाघाट जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है।

## मोटर चोरी करने वाले आरोपियों का माननीय न्यायालय ने भेजा जेल..

जगप्रेरणा कटंगी।

***माननीय न्यायालय श्रीमती नेहा ठाकुर ,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटंगी, जिला बालाघाट के थाना तिरोड़ी के अप0क्र0. 94/2026, में आरोपी रंजित पिता अशोक उईके जाति गोंड निवासी वार्ड नंबर 12 गुडरूघाट थाना तिरोड़ी,***

निर्दोष पिता अशोक मेश्राम जाति गोंड निवासी वार्ड नंबर 15 गुडरूघाट थाना तिरोड़ी व दिलीप पिता शिवराम पराते निवासी वार्ड नंबर 1 मिरगपुर थाना तिरोड़ी जिला बालाघाट अंतर्गत धारा- 303(2), 317(2), 3(5) बी. ए. एस. के आरोपियों का जमानत आवेदन निरस्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 12/04/2026 को फरियादी विनोद पिता नंदलाल उईके ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थी ने गांव के सरकारी कुएँ में अपनी 1.1/2 एचपी की पानी की मोटर यूरेका कंपनी की जिसका सीरियल नंबर 45642 हैं, को खेत में सिंचाई करने के लिए लगाया था, जो दिनांक 10/04/2026 को शाम करीब 6 बजे तक पानी की मोटर कुएँ में लगी देखा था, तथा ट्रैक्टर में लगने वाली कैचविल को प्रार्थी ने मिरगपुर में सचिन भौरजार की दुकान के सामने रखा था, जो दिनांक 11/04/2026 के सुबह करीब 6 बजे कुएँ में लगी मोटर को जाकर देखा तो नहीं थी, जिसका पाईप कटा हुआ था। मैंने आसपास पता किया तो पता नहीं चला, एवं मिरगपुर में सचिन भौरजार की दुकान के पास जाकर देखा तो कैचविल भी दिखाई नहीं दिया जिसकी कीमत करीब 15 हजार रूपये हैं, पानी की मोटर एवं कैचविल को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया हैं, एवं पता करने पर गांव के रंजीत उईके, निर्दोष मेश्राम के उपर संदेह हैं, उक्त घटना की बात मैंने अपने भाई सेवकराम उईके , गांव के टामन पटले और संरपंच दिलीप बिसेन को बताया और आज अपने भाई के साथ रिपोर्ट करने आया हूँ।

प्रार्थी की रिर्पोट पर थाना तिरोड़ी द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूध्द धारा 303(2) बीएनएस का मामला पंजीबध्द किया गया व मामला को विवेचना में लेकर गवाहों के कथन लेखबध्द किये व संदेही को थाना लाकर पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया और आरोपी के मेमो कथन लेकर आरोपी से रूपये , मोटर साईकिल व चाकू जप्त किया गया और अन्य आरोपी दिलीप पराते से चोरी की मोटर को खरीदने पर पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया।

आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया गया प्रकरण के तथ्यों, परिस्थितियों व साक्ष्यों के आधार पर तथा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी रंजित पिता अशोक उईके जाति गोंड निवासी वार्ड नंबर 12 गुडरूघाट थाना तिरोड़ी , निर्दोष पिता अशोक मेश्राम जाति गोंड निवासी वार्ड नंबर 15 गुडरूघाट थाना तिरोड़ी व दिलीप पिता शिवराम पराते निवासी वार्ड नंबर 1 मिरगपुर थाना तिरोड़ी जिला बालाघाट अंतर्गत धारा- 303(2), 317(2), 3(5) बी. एन. एस. का जमानत आवेदन निरस्त किया गया।

## मोटर साईकिल चोरी करने वाले चोरी की मोटर सायकिल खरीदने वाले दोनों आरोपियों का जमानत आवेदन निरस्त..

### मामला तिरोड़ी थानांतर्गत चोरी का..

जगप्रेरणा कटंगी।

माननीय न्यायालय श्रीमती नेहा ठाकुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटंगी, जिला बालाघाट के थाना तिरोड़ी के अप0क्र0. 326/2025, में आरोपी सौरभ पिता गोपीचंद मेश्राम जाति ढीमर निवासी बम्हनी थाना तिरोड़ी, एवं विरेन्द्र हरिनखेड़े पिता राजेन्द्र हरिनेड़े जाति पवांर निवासी नीलागोंदी थाना दवनीवाड़ा जिला गोंदिया को अंतर्गत धारा- 303 (2), 3 (5) बी. एन. एस. के आरोपियों का जमानत आवेदन निरस्त कर दिया है। न्यायायलय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 06/10/2025 को फरियादी रूपेश जनबंधु पिता नंदलाल उईके निवासी बम्हनी थाना तिरोड़ी ने शिकायत दर्ज कराई कि मेरे साले अजय सहारे के स्वामित्व का दोपहिया वाहन क्रमांक एमएच 36 एक्यू 2471 जो मेरे आधिपत्य में था, आरोपी सौरभ मेश्राम जो मेरे पास ड्रायवरी का काम करता था जो विगत दिनांक 30/08/2025 से ड्रायवरी का काम करना बंद करके अन्यत्र स्थान में चला गया। उसी दिनांक को मेरे घर में रखा उपरोक्त वाहन की चोरी हुई थी, मैंने वाहन के बारे में पतासाजी की तो जानकारी हुई कि सौरभ मेश्राम के द्वारा उक्त वाहन को विरेन्द्र हरिनखेड़े को विक्रय कर दिया गया हैं, और वाहन विरेन्द्र हरिनखेड़े के पास मौजूद हैं, और मेरे द्वारा जब विरेन्द्र के पास जाकर पूछने पर उसने बताया कि उक्त वाहन को मैंने सौरभ मेश्राम से 80 हजार में खरीदा हैं, जिससे यह पता चलता है कि उक्त वाहन को सौरभ मेश्राम के द्वारा चोरी करके विरेन्द्र हरिनखेड़े को बेचा गया है।

उक्त आरोपियों के विरूध्द रिपोर्ट दर्ज की जाए उक्त शिकायत पर आरोपियों का कृत्य अंतर्गत धारा 303 (2), 3 (5) बी0एन0एस0 का होने से उनके विरूध्द थाना तिरोड़ी के अपराध क्रमांक 326/2025 का प्रकरण दर्ज किया गया और गवाहों के कथन लेखबध्द किये एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण के तथ्यों, परिस्थितियों व साक्ष्यों के आधार पर तथा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी सौरभ पिता गोपीचंद मेश्राम जाति ढीमर निवासी बम्हनी थाना तिरोड़ी, एवं विरेन्द्र हरिनखेड़े पिता राजेन्द्र हरिनखेड़े जाति पवांर निवासी नीलागोंदी थाना दवनीवाड़ा जिला गोंदिया को अंतर्गत धारा- 303(2),3(5) बी.एन.एस. का जमानत आवेदन निरस्त किया गया।




## बालाघाट जिले में 15 अप्रैल से शुरू हुई गेहूं की खरीदी

### 38 किसानों ने कराया स्लॉट बुक

जगप्रेरणा बालाघाट।

***रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष जिले में कुल 13 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं,***

जहां 15 अप्रैल 2026 से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 15 अप्रैल तक जिले के 38 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए स्लॅाट बुक कराया है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। किसान गेहूँ विक्रय के लिए 24 अप्रैल 2026 तक स्लॅाट बुक कर सकते है।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस पर शासन द्वारा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल गेहूँ का 2625 रुपए प्राप्त हुआ। खरीदी प्रक्रिया निर्धारित एफ़ए.क्यू. (स्न्नक्त) मापदंडों के अनुसार ही की जा रही है। साथ ही, नॉन-एफ़ए.क्यू. गेहूं की सफाई के लिए केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। इनमें बड़ा छन्ना, पंखा, क्लीनिंग एवं ग्रेडिंग मशीन और नमी मापक यंत्र शामिल हैं। इन सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संबंधित समिति संचालकों को सौंपी गई है।

जिले की विभिन्न तहसीलों में स्थापित उपार्जन केंद्रो में बालाघाट, किरनापुर, लांजी, वारासिवनी, लालबर्रा, खैरलांजी, कटंगी, बैहर, बिरसा और परसवाडा क्षेत्र शामिल है, जहां सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदी की जाएगी। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि से उपार्जन केंद्रों पर पहुंचकर अपनी उपज का विक्रय करें और शासन की समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठाएं।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 2026

## एसएसपी महाविद्यालय में जागरूकता एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 2026' के द्वितीय चरण के अंतर्गत व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. रक्षा निकोसे ने पखवाड़े के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से सामाजिक विषयों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में साइबर सेल बालाघाट की प्रभारी श्रीमती मेघा तिवारी ने साइबर सुरक्षा एवं कार्यस्थल पर लैंगिक समानता विषय पर जानकारी देते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने मोबाइल सुरक्षा, फर्जी कॉल और साइबर अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 के उपयोग की जानकारी दी। श्री जयप्रकाश भगत एवं श्रीमती ईशु एड़े ने भी विद्यार्थियों को साइबर जागरूकता के प्रति प्रेरित किया।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्री पुरुषोत्तम देशमुख ने महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला और संतुलित आहार के महत्व को बताया। वहीं एक्सिस बैंक के श्री निर्मल किर्ति ने वित्तीय साक्षरता पर जानकारी देते हुए सुरक्षित बैंकिंग और निवेश के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं का हीमोग्लोबिन, बीपी एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक श्री कृष्णा पराते ने किया तथा अंत में सह संयोजक श्रीमती सरिता नागवंशी ने आभार व्यक्त किया।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

## पीएमश्री शासकीय उमावि भानेंगांव का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, 10वीं-12वीं में छात्रों ने रचा सफलता का इतिहास




जगप्रेरणा लांजी।

***पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेंगांव का वर्ष 2026 का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट और सराहनीय रहा।***

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 15 अप्रैल 2026 को घोषित हाईस्कूल (10वीं) एवं हायर सेकेंडरी (12वीं) परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कक्षा 10वीं में कुल 175 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 143 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। इस प्रकार कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 81.71 प्रतिशत रहा।

इनमें 113 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 30 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। वहीं कक्षा 12वीं में कुल 162 परीक्षार्थियों में से 147 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जिससे कुल परीक्षा परिणाम 90.74 प्रतिशत दर्ज किया गया। कक्षा 12वीं में 135 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 12 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

### मेधावी विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान..

कक्षा 10वीं में हिमांशी ने 92.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नितिन मिश्रा ने 92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं कुमारी रूपाली ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं कला संकाय में कुमारी प्रियंका ने 78.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कुमारी मोनिका ने 75.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं कुमारी आशा ने 74.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय में निखिल राजेश चौहान ने 87.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। काव्य ने 85.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं राहुल ने 83.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। जीवविज्ञान संकाय में कुमारी लक्ष्मी ने 89.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी जाह्नवी ने 86 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं कुमारी कल्पना ने 85 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कृषि संकाय में काव्य राघवेंद्र उके ने 80 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी रोशनी ने 79 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं अमरेश ने 78 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में कु. डॉली संजय बागरे ने 91.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिताली पवन अवसरे ने 84.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं वैभव पुरुषोत्तम रिझवात ने 83 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### टॉपर्स ने बनाया नया कीर्तिमान..

विद्यालय के प्राचार्य श्री चंद्रभूषण चौहान ने बताया कि कक्षा 10वीं में हिमांशी ने 500 में से 463 अंक (92.6 प्रतिशत) अर्जित कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में कु. डॉली संजय बागरे ने 500 में से 458 अंक (91.6 प्रतिशत) अर्जित कर विद्यालय में टॉप किया।

### लैपटॉप योजना का मिलेगा लाभ..

प्राचार्य ने बताया कि राज्य शासन की योजना के अंतर्गत इस वर्ष कक्षा 12वीं के 46 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जिन्हें निशुल्क लैपटॉप योजना के तहत 25,000 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

### शिक्षकों के मार्गदर्शन में मिली सफलता..

छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर सी. बी.चौहान प्राचार्य लेखेश्वर चंदनवार गजभिये, श्रीमती प्रज्ञा सेंडे रोंधे, निलेश कुमार साहू, जितेन्द्र भागड़कर, श्रीमती अनामिका मेश्राम, श्रीमती अनीता उइके, श्री संजय सोरते, श्रीमती इंदिरा बेदरे, विवेक कोसरे, बबलू कामड़े, अरुण पटले, लेखराम मिसर, दिलीप उइके, श्रीमती नारनौरे, श्री उमेश उइके, कमल किशोर भगत, शेषराम बागमारे, गीता नागेश्वर, आनंदराव साहूकर, श्रीमती कमानी बटले, राजेन्द्र कुमार जुंझारे, श्रीमती योगन्या मेश्राम, श्रीमती प्रभावती बेदरे, अनिल कुमार वरकड़े, लोकेश लिलहारे, श्री महेंद्र कछवाहे, रामलाल हरिनखेड़े, श्रीमती गीता टेम्भरे, गोविन्द मेश्राम, श्रीमती प्रियंका बनवाले, गणेश कुमार मेश्राम, श्रीमती पूनम घरडे, रविन्द्र कुमार भेंडारकर, श्रीमती कविता भेलावे, श्रीमती सिंधु तुरकर, श्रीमती सिंधु पटले, महेंद्र दवने, मनोज परिहार, श्रीमती गायत्री राठौर, श्रीमती मीनाक्षी चौधरी, गजेन्द्र नेवारे, रूपलाल राठौर एवं धीरज नाकतोडे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल..

विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## देश मे समानता लाने हेतु फूले, अम्बेडकर ने किया कठिन संघर्ष..

धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई गुरु शिष्य की संयुक्त जयंती





जगप्रेरणा किरनापुर।

तहसील मुख्यालय ग्राम किरनापुर मे विश्व रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं सामाजिक शिक्षा क्रांति के प्रणेता राष्ट्रपिता ज्योतिबा राव फूले की जयंती संयुक्त रूप से बस स्टैण्ड किरनापुर बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई।

सर्वप्रथम 1 अप्रैल को जहां बस स्टैण्ड किरनापुर मे बेनर इनॉग्रेशन का कार्यक्रम आयोजित कर भव्य आतिशबाजी की गई तो 13 अप्रैल की मध्य रात्रि मे केक काट कर जन्मदिन की खुशियां मनाते हुए पुनः भव्य आतिशबाजी के साथ युवाओं ने जमकर डांस किया। तथा 14 अप्रैल को सर्वप्रथम सुबह 10 बजे बस स्टैण्ड किरनापुर मे बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती अगरबत्ती प्रज्वलित कर पूजन किया गया एवं पंचशील ध्वजारोहण कर त्रिशरण पंचशील का पाठ कर बाबा साहब अम्बेडकर, माता रमाई, महात्मा ज्योतिबा फूले, सावित्री बाई फूले के जयघोष लगाए गए। तत्पश्चात् वार्ड क्रमांक 5 मे लगी फूले दंपति की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

एवं संविधान चौक किरनापुर मे स्थापित राष्ट्रपिता ज्योतिबा राव फूले, राष्ट्रमाता सावित्री बाई फूले फूले दंपति एवं विश्व रत्न बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन कर जयघोष लगाए गए। उसके उपरांत शाक्य मुनि बुद्ध विहार किरनापुर मे महापरित्राण पाठ का आयोजन कर स्वल्पहार एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

### बाबा साहब की जीवंत झांकी रही आकर्षण का केन्द..

14 अप्रैल की शाम 5 बजे से बस स्टैंड से डीजे के साथ भव्य पैदल रैली निकाली गई। इस रैली मे युवा, महिलाएं एवं बड़े बुजुर्गो ने जमकर डांस करते हुए जयंती पर अपनी खुशियों का इज़हार किया। वही इस रैली मे बाबा साहब की वेशभूषा धारण करने वाले जीवंत झांकी के रूप मे नन्हे बालक अश्वत्थ मेश्राम प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहे। रैली का जगह जगह नगरवासियों ने शरबत पिलाकर एवं स्वल्पाहार करवाकर आत्मीयता से स्वागत किया जिसमे ग्राम पंचायत किरनापुर, एकता प्रिंटिंग प्रेस के संचालक विनोद बंसोड, सामाजिक कार्यकर्ता शैलेष रामटेके एवं अमित गेडाम, संविधान चौक मे सामाजिक कार्यकर्ताओ तथा व्यापारी वर्ग से ओम अग्रवाल द्वारा रैली में शामिल लोगों को शरबत वितरण कराया गया। इस रैली मे पर्याप्त शांति, सुरक्षा व्यवस्था के पूर्णतः प्रबंध किरनापुर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए थे। जिसकी सभी ने सराहना की।नगर भ्रमण के दौरान रैली पुनः बस स्टैण्ड पहुंची जहां सभी भोजनदान कार्यक्रम मे शामिल हुए।तथा मंचीय उद्बोधन कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि श्रीनिवास बारमाटे सामाजिक चिंतक,विशेष अतिथि के तौर पर महामहिम राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत शिक्षक सुनील मेश्राम, कृष्णा रनगिरे सरपंच, ग्राम पंचायत सिवनीखुर्द, मनमोहन वैद्य सरपंच ग्राम पंचायत मौदा, सामाजिक कार्यकर्ता आर के शेर्डे, मनोहर छिपेकर ब्लॉक अध्यक्ष संत रविदासिया समाज संगठन किरनापुर, आर के रामटेके, सी एल मेश्राम, देवाजी रामटेके मंचासिन रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मकला भाई जे पी रामटेके सरपंच ग्राम पंचायत किरनापुर द्वारा की गई।

### ज्योतिबा फूले एवं बाबा साहब का अविस्मरणीय योगदान -श्रीनिवास बारमाटे..

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सामाजिक चिंतक श्रीनिवास बारमाटे ने अपने उद्बोधन मे बतलाया कि बाबा साहब के पूर्व जितने भी महापुरूषों ने सामाजिक चेतना के आंदोलन चलाए है वे सभी बहुजन समाज के निचले तबके के ही लोग थे और इन सभी महापुरूषों के आंदोलन को बाबा साहब अम्बेडकर ने आगे बढ़ाते हुए उन्हें भारतीय संविधान मे समाहित किया है। जिसके लिए उन्हें काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा। नारी शिक्षा से लेकर सभी को समानता का अधिकार जिसके चलते हम सभी को एक वोट का अधिकार मिला हुआ है। और पूरा का पूरा संविधान उसकी उद्देशिका मे समाहित कर सभी वर्ग लोगों को न्याय दिलाने का विशेष उल्लेख किया गया है।

### समाज के लिए शिक्षा और उद्योग की बेहद आवश्यकता सुनील मेश्राम..

कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सुनील मेश्राम ने समाज के लिए शिक्षा और उद्योगों की आवश्यकता पर उद्बोधन देते हुए संविधान में उल्लिखित अधिकारों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने बाबा साहेब आंबेडकर की जन्म जयंती को समानता दिवस के रूप में समारोह पूर्वक हेतु भारत शासन द्वारा मनाया जाने की पहल किरनापुर से आगाज़ किए जाने का आह्वान किया शिक्षा मनुष्य की प्रगति का मूल आधार है, पर जोर देते हुए समझाया कि समाज और राष्ट्र की मजबूती का आधार है।

### ऑर्केस्ट्रा के भीम गीतों पर खूब थिरके अनुयायी..

कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित जनसमुदाय के मनोरंजन के लिए ऑर्केस्ट्रा भीम दीवाने का आयोजन किया गया। कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भीम गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई जिस पर भीम मस्ताने खुशी से झूम उठे। और अल सुबह 3 बजे तक कार्यकमों का शांतिपूर्ण तरीके से सफ्लतम आयोजन चलते रहा।

इस संपूर्ण आयोजन को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने मे समिति अध्यक्ष जे पी रामटेके ,उपाध्यक्ष अमित गेडाम, एन के मेश्राम, बी आर डोंगरे, सचिव एस आर पटले, सह सचिव-संदीप नागवंशी, हंसराज वाहने, कोषाध्यक्ष राकेश बोरकर, संरक्षक व्ही एन मेश्राम, एस सी वैद्य, रविन्द्र शेंडे, दुर्गेश भीमटे,गौतम भीमटे,विनोद बंसोड,रोहिदास मेश्राम,राजेन्द्र वैद्य, राजेश वंजारी, दिलीप घरडे, अमरदीप रामटेके, राहुल वैद्य, स्वाकेश भीमटे एवं भीम क्रांति मित्र मंडली के युवाओं सहित समस्त नागरिकों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

## लांजी की बेटी जागृति लिल्हारे ने 10 वीं मेरिट में 7 वां स्थान हासिल कर बढ़ाया जिले का मान





जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के द्वारा 15 अप्रैल को 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित किये गये। प्रदेश में हुये आयोजन में प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव***

उदय प्रताप सिंह की प्रमुख उपस्थिती में नतीजे घोषित किये गये। सभी प्रतिभावान छात्र छात्रओं को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा शुभकामनाऐं प्रेषित की गई जिन्होने प्रदेश एवं जिलो का नाम रोशन किया है। इसी प्राविण्य सूची में लांजी का मान लांजी की बेटी जागृति लिल्हारे ने बढ़ाया जिन्हाने 10वीं कक्षा में पदेश प्राविण्य सूची में 7वॉ स्थान प्राप्त कर बालाघाट जिले का प्रदेश में नाम रोशन किया है।

### लांजी के भाडरा अंचल के ग्राम बोरडी निवासी है जागृति..

कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में लांजी क्षेत्र के भाडरा अंचल के ग्राम बोरडी निवासी तिरथ लिल्हारे की पुत्री जागृति लिल्हारे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये 500 में से 493 अंक हासिल कर प्रदेश में 7वाँ स्थान प्राप्त किया है। बतादे कि जागृति लिल्हारे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी की छात्रा है। जिन्हाने अपने कडी मेहनत एवं परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया है। जागृति से जब हमने चर्चा की तो आपने बताया कि उन्होने हिन्दी एवं गणित विषय में 100 में 100 अंक हासिल किये है। वे आगे गणित विषय के साथ अपनी अगली कक्षा की पढाई करेगी पहला लक्ष्य उनका कक्षा 12वीं में भी प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के साथ ही सिविल सर्विसेस में रूची रखती है। उनका लक्ष्य है वे एक आईएएस अधिकारी बने ताकि समाज की सेवा कर सके। जागृति की इस उपलब्धि पर दादाजी साधूदास लिल्हारे, पिता तीरथ लिल्हारे, माता ललीता लिल्हारे, भाई रितेश लिल्हारे, प्राचार्य रामेश्वरम लिल्हारे, सहित कक्षा शिक्षकों, एवं नाते रिश्तेदारो ने ढेरो शुभकामनाऐं प्रेषित करते हुये कहा कि। तीरथ लिल्हारे जी के दोनो बेटा बेटी कुशाग्र बुद्धी के धनी है बीत वर्ष कक्षा 10वीं में तीरथ लिल्हारे जी के पुत्र रितेश लिल्हारे ने बालाघाट जिले में दुसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया था वहीं अब जागृति बेटी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लांजी बोरडी मनेरी का नाम बालाघाट जिला ही नही अपितू मध्यप्रदेश में नाम रोशन कर संपूर्ण क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। निश्चित रूप से लांजी का मान बढाया है। जागृति लिल्हारे की इस उपलब्धि पर लगातार सोशल मीडिया में बधाईयों का दौर प्रारंभ हो गया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो से लेकर समाजिक कार्यकर्ताओ, नाते रिश्तेदारों के द्वारा जागृति को सोशल मीडिया सहित फोन कर बधाईयॉ संदेश दिया गया। क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व विधायक हिना कावरे, जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, नगर परिषद अध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले, अवंती साधना मंच, आलोक संघ लांजी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल, पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ अमृत मेश्राम, पत्रकार संघ लांजी, जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय, बीओ प्रमोद भीमटे, बीआरसी शिवेन्द्र उके, संकुल प्राचार्य रामेश्वर घोरमारे, सहित प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा भी जागृति तिरथ लिल्हारे को शुभकामनाऐं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सार्थक पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षा में दबदबा, 10 वीं और 12 वीं का परिणाम रहा उत्कृष्ट..

### कु. आरजू अमित गौतम 12 वी साइंस में 87.8 प्रति.



कुमारी आरजू अमित गौतम 87.8 प्रति.



मप्र बोर्ड बालाघाट जिले में कक्षा 10वी टॉपर रिया प्रकाश जोंजारे

जगप्रेरणा किरनापुर।

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल **(MPBSE)** द्वारा घोषित किए गए 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में सार्थक पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्ट का लोहा बनवाया है स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल संस्थान का बल्कि अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है।

किरनापुर नगर में बाबा जुमदेवजी जनकल्याण समिति वारा किरनापुर द्वारा अंग्रेजी माध्यम में संचालित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्थान सार्थक पब्लिक स्कूल (सीनियर सेकेंडरी) की छात्रा विशाखा संतोष बापूरे नें मप्र बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वी अंग्रेजी माध्यम में 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर पुरे मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में आठवा स्थान प्राप्त किया है। विशाखा बापूरे नें मप्र राज्य में सार्थक स्कूल का नाम रोशन किया है। कक्षा 12 वी साइंस ग्रुप से आरजू अमित गौतम नें 87.8 प्रतिशत अंक हासिल किया। कक्षा 10 वी से रिया जौजारे 97.8, तृप्ति ठाकरे 97.6, अवनि गेड़ाम 96.4, माही बरेले 96.2, कनक बिसेन 96.2, सुमित चौहान 95.6, प्रज्ञा कुर्वे 95, दीक्षा पांचे 95, अविशा लिल्हारे 94.8, नम्रता रामटेके 93.6, विद्या भोंडेकर 92.2, मयंक लिल्हारे 92, अनुष्का सोनी 91.8, चित्रांशी वनवे 91.2, वर्णिका ठाकरे 89.4 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा 12 साइंस से दिव्यांशु घरड़े 86.8 प्रतिशत, पूर्वांश मोहबे 84.6,रोचक पाटले 84.4, ध्रुव सिंह चौहान 83.4 तुषार डहरवाल 82, अनुराग नागदेवे 81.2, कोहिनूर बम्हे 80.6 प्रतिशत अंक हासिल किया। कक्षा 10वी एवं 12वी से शत प्रतिशत रिजल्ट रहा।सार्थक स्कूल के संचालक एवं बाबा जुमदेव जी जनकल्याण समिति के अध्यक्ष इंजी. जितेन्द्र भोंडेकर नें सभी बच्चो के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें की है साथ ही स्कूल प्रबंधन स्टाफ से भूपेंद्र सिंह, जिखरिया नाइक अजित भागलकर, कपिल गजभिये, रोहिणी ऊके, नेहा कावडे, शोभा ठाकरे सत्यवचन पाठोंड़े, आशीष नागवंशी, कल्याणी सहारे, ललिता सिंगदुपे, सीमा पांचे, सविता कुथे, सुनील सोलंकी, अजय सूर्यवंशी, सिफा खान, रुपाली जांगड़े, मौसम बिसेन, यशुला नगपुरे, गायत्री तुरकर, तुरसा पांचे सुलेमान खान कैलाश जागड़े नें भी सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## किरनापुर की बेटी ने प्रदेश में लहराया परचम..

### सार्थक पब्लिक स्कूल 10वीं की छात्रा ने मेरिट सूची में हासिल किया आठवां स्थान..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में किरनापुर क्षेत्र की एक होनहार छात्रा***

कुमारी विशाखा बापूरे ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सार्थक पब्लिक स्कूल, किरनापुर में अध्ययनरत छात्रा ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची **(Merit List)** में आठवां स्थान प्राप्त कर न केवल अपने स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है।

### कड़ी मेहनत का मिला फल..

परिणाम घोषित होते ही सार्थक पब्लिक स्कूल और छात्रा के निवास पर हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। छात्रा की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि यदि संकल्प दृढ़ हो और मेहनत सच्ची हो, तो ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी भी सफलता के सर्वोच्च शिखर को छू सकते हैं।

विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रा की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई के प्रति अनुशासित और जिज्ञासु रही है।

### क्षेत्र में खुशी की लहर..

इस बड़ी उपलब्धि पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने छात्र और उनके परिवार को बधाई दी है। लोगों का कहना है कि किरनापुर जैसे तहसील क्षेत्र से प्रदेश स्तरीय मेरी सूची में स्थान बनाना अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।स्कूल प्रबंधन ने भी छात्रा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## शासकीय हाई स्कूल देवलगांव का 10वीं परीक्षा परिणाम 92.85 प्रतिशत..

### दिशा टेंभरे व शैलानी बोपचे संयुक्त रूप से प्रथम..









जगप्रेरणा लांजी।

***माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल बोर्ड द्वारा सत्र 2025-26का परीक्षा परिणाम 15 अप्रेल 2026 को घोषित किया गया जिसमे शासकीय***

हाई स्कूल देवलगांव के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 92.85 प्रतिशत रहा। सभी छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई प्रेषित की है। प्राप्त नतीजो के अनुसार प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से कु. दिशा पिता अरूण टेंभरे एवं शैलानी पिता फूलचंद बोपचे जिन्हाने 90.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय विधि पिता कुंवरलाल राहंगडाले 90.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान रूपेन्द्र पिता उम्मेदलाल बोपचे 86.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय, अभिभावकों एवं ग्राम का नाम रोशन किया है। शाला के प्राचार्य आर. के. बेंजामिन एवं समस्त अभिभावकों, पालक शिक्षक संघ, शिक्षक शिक्षिकाओं में एस, एल, घोरमारे, ईश्वरी प्रसाद कुशले, शैलेष नागदेवे, दुधराम चौधरी, सविता टेंभरे, भोलाराम घोरमारे, कांति जीवतोडे, अनीता चौरागढे ने भी सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## सुरों की मलिका.. आशा भौंसले

मशहुर गायिका,, आवाज की दुनिया की जादुगर और पार्श्व गायिका आशा भोंसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को मशहुर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर पं दीनानाथ जी मंगेशकर के घर सांगली में हुआ था। वे दुनिया की मशहुर गायिका और सात सुरों की मलिका लता मँगेशकर जी की छोटी बहन है। आशाजी जब6 वर्ष की थी, तभी उनके पिता का देहांत हो गया था। उषा भौंसले उनकी बहन है। लता जी जब पहले दिन स्कुल गई तो,, छोटी बहन आशा को अपने साथ लेकर गई, परन्तु वहां के स्कुल स्टाफने उन्हें कहा कि, एक फीस में सिर्फएक ही को स्कुल में प्रवेश मिलेंगा। इस के बाद आर्थिक अभाव के कारण लता मँगेशकर जी ने स्वयँ स्कुल न जाकर आशा जी को स्कुल भेजा। लता जी सिर्फदो ही दिन स्कुल गई है। पालन पोषण सँगीत मय माहौल में हुआ। आशा भोंसलें अपने छोटे भाई ह्रदयनाथ को गोद में लेकर घर के सारे कामे किया करती थी। आशा जी चाहती तो, लता की तरह, उन्ही के तरीके से गीत गा सकती थी, परन्तु उन्होंनें अपनी अलग स्टाईल, तरीका व पहचान बनाई । वे 1945 में मुंबई आई। 1948में सावन आया, गीत से शुरुआत की। आशा जी जब 16वर्ष की थी तब अपने सेक्रेटरी गनपतराव भोंसले से शादी की थी, उस समय गनपत राव की उम्र 31 वर्ष थी। यह शादी11साल तक रही, इस बीच इन्हें तीन बच्चे हेमंत कुमार, आनंद और बेटी वर्षा। उनकी दुसरी शादी आर*डी* बर्मन से हुई। वे एस : डीः बर्मन के बेटे थे। पहली शादी के 20साल बाद 1980में उन्होनें राहुल देव बर्मन से शादी कीथी। आशा भोंसलें उस समय 47की और पंचम दा 41 वर्ष के थे। शादी के 14वर्ष बाद आर, डी, बर्मन का निधन हो गया। उन्होनें कड़ी मेहनत से अपनी जगह खुद बनाई।। आज 90 वर्ष की उम्र मेंभी वे हर दिन रियाज़ करती है। उन्होंनें 20 भाषाओं में 16 हज़ार से भी ज्यादा फिल्मीऔर गैर फिल्मी गीत गाए हैं, उन्हें दादा

साहब फालके और पद्मे विभुषण व कई अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए। उन्होने लगभग 12000 गीत गाए है, परन्तु गत 12 अप्रेल को बिमारी के कारण उनका निधन हो गया। उन्हें आदरांजलि एवं भावभीनी विदाई व नमन्।

**संजय जांगजुड़े, संजू, वारासिवनी**

## पतझड़ में थे लेकिन रंगत में थे..

पतझड़ में थे लेकिन रंगत में थे,
कभी हम भी फूलों की संगत में थे।
कोई एक पुरी दुनिया
हुआ करता था,
जब हम किसी की मोहब्बत में थे।

पी कभी कम कभी ज्यादा रहें हैं,
पर निभा मोहब्बत का वादा रहें हैं।
जबसे गये हो तुम हमें छोड़कर,
हम जी कम ,मर ज्यादा रहें हैं।

उजड़ी, उदास जिंदगी
मे तेरा इंतजार अब भी है,
वही कसक, वही एहसास,
वही प्यार अब भी है।
ये तो मेरी मोहब्बत है जो
तुझे अब तक ना भूला
वरना, दुनिया मे तुझसे
अच्छी हजार अब भी है।

उदासी जीया है,
आंसूओं को पीया है
मैंने ग़मों का भी
बहुत मज़ा लिया है।
किस मोहब्बत की
बात कर रही हो तुम
मैंने कबका उसका
श्राद्ध कर दिया है।

लेखक



**संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट**

## दशा महा दशा..

हम अपने ही।
जीवन में अपने नजर में ही।
पराये से हो गए।
जन्म दिन की।
पूर्व दोपहरी ।
चमचमाती।
ऐसी किरणें पड़ी।
हमारे होश उड़ गए।
किरणें ऐसी थी।
जीवन के अंतिम चरण की।
बिदाई अपने अपनों ने कर दी थी।
बोल और मौन का अंतरण सामने था।
हम सोच रहे थे।
किसका भविष्य किस का साथ।
हकीकत की दास्तान।
जीते जी मृगाडांड था।
स्वार्थ था या भविष्य का।
खिलवाड़ था, आंखों की।
नजरिया थी, अधिकांशतः।
शब्द बोलने को बैचेन था।
अपने संस्कारों पर।
सपने बहुत देखे थे।
शून्य से शिखर
तक पहुंचने।
अब सब चूर-चूर
हो गए थे।
अब तो हकीकत की।
बिदाई का इंतजार था।
या इच्छानुसार का।
स्वागत था।
अपना और इतिहास।
तरीके से बनाना था?

लेखक



**आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'**

## परशुराम का आह्वान..

आज के युग की इस दहकती धरा पर
जहाँ क्षितिज से क्षितिज तक
केवल बारूद की गंध है,
और शांति का श्वेत कपोत
रक्त की बूंदों से लथपथ है -
वहाँ तुम्हारी प्रतीक्षा है, राम!
भृगुकुल भूषण, परशुराम!

अब कोई एक आततायी सहस्रार्जुन नहीं
यहाँ तो गली-गली में अहंकार के गढ़ बने हैं।
तुमने तो इक्कीस बार धरा को शुद्ध किया था,
पर यहाँ तो हर क्षण, हर पल
करोड़ों मस्तक विनाश की वेदी पर चढ़े हैं।
तुम्हारे 'परशु' की वह धार
शायद आज उन 'बटन' वाली उंगलियों को खोज रही है,
जो एक इशारे पर सभ्यताओं को
राख के ढेर में बदल देने का दंभ भरती हैं।

यह जो वैश्विक युद्ध की आहट है,
यह जो परमाणु अस्त्रों की सनसनाहट है -
क्या यह वही अधर्म नहीं?
जहाँ न्याय, शक्ति के चरणों की दासी है,
जहाँ मानवता अपने ही रक्षकों की प्यासी है।
महेंद्र पर्वत की कंदराओं से बाहर झांकिए,
देखिए कि अब युद्ध 'वीरता' का नहीं,
केवल 'विनाश' का पर्याय है।
अब न कोई विजयी है, न कोई पराजित,
यहाँ तो बस श्मशानों का विस्तार है।
हमें आज तुम्हारा वह धनु चाहिए
जो अन्याय को जड़ से उखाड़ दे,
हमें तुम्हारा वह तप भी चाहिए
जो इस जलती दुनिया पर ठंडी फुहार दे।

शस्त्र उठाओ -
पर किसी नए साम्राज्य के लिए नहीं,
बल्कि शस्त्रों को गलाकर हल बनाने के लिए।
फरसे की चमक से उन आँखों को डराओ
जो मासूमों के लहू में मुनाफा तलाशती हैं।
हे रेणुका नंदन!
आज की इस कुरुक्षेत्र
बनी दुनिया को
किसी संहारक की नहीं,
बल्कि एक ऐसे
न्यायधर्मी की आस है-
जो शक्ति को मर्यादा सिखा सके,
और युद्धोन्माद के इस ज्वर को
ज्ञान के 'परशु' से काट सके।
पुनः लौटिए,
क्योंकि अब अधर्म
किसी एक दिशा में नहीं,
सर्वत्र व्याप्त है।

लेखिका



**डॉ स्नेहलता श्रीवास्तव इंदौर**

## आम्बेडकर जयंती..

आज आप जहां खड़े हैं उसके
लिए बाबा साहब लड़े हैं,
आज आपके पास जो दौलत है,
वो बाबा साहब के बदौलत है।
आपके जेब में जो पेन है,
वो बाबा साहब की देन है।
आपके पास जो कार है,
वो बाबा साहब
का उपकार है।
आज आपके
जीवन में जो शांति
है, वो बाबा साहब
की क्रांति है।
आज हमारी तरक्की और
दुनिया में पहचान है,
वो बाबा साहब द्वारा लिखा
गया भारतीय संविधान है।।

लेखक



**श्री राजकुमार तांडेकर डोंगरगांव (लांजी)**

**व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**


बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

## मेरी आवाज सुनों..

मेरी आवाज सुनों,
मेरी आवाज सुनों।
सुनकर अच्छी लगे तो
बात फिर मन में गुनो।।
मेरी आवाज में जादू न कोई टोना है।
मेरी आवाज में खुशी कभी तो रोना है।
मैं जानता हूँ कि आवाज में मेरे दम है।
फिर भी परिणाम कुछ भी नहीं होना है।
सिर्फअपने लिए तुम स्वार्थ की चादर न बुनो।
मेरी आवाज सुनों,
मेरी आवाज सुनों।।
मेरी आवाज से आवाज तुम मिलाओ तो।
चलो, कुछ पल के लिये साथ मेरे आओ तो।
मेरी आवाज में संगीत भी है, गीत भी है
बस एक बार तुम दिल से गुनगुनाओ तो।
हो जुलाहा तुम तो रुई मेरी भी धुनों।
मेरी आवाज सुनों।
मेरी आवाज सुनों।
मेरी आवाज पहुंचे उन सभी के कानों तक।
महानगर और सुदूर बियाबानों तक।
मेरी आवाज पर उनका भी ध्यान हो जाए
मेरी आवाज पहुंच जाए हुक्मरानों तक।
मेरी आवाज से इतना भी न जलो- भुनो।
मेरी आवाज सुनों।
मेरी आवाज सुनों।

**शशि तिवारी**

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 98



Åij l: ulp !& 1) हाथ पैर बढ़ाकर लेटना 2) दयालू 3) गति 4) पानी,, नीर 5) सज्जन, नेक 6) परिणाम 7) जाड़ा, जुकाम 8) पिता के पिता 9) आंखो में डाला जानेवाला एक किस्म का अंजन 10) हाथी 11) अजा 12) हमारे नित्य भोजन का एक द्रव्य पदार्थ 13) यशोदा के पति 16) सन्दर्भ, प्रमाण का उल्लेख 17) न्यायालय 18) जिसके साथ मंगनी हुयी हो वह 20) पदचाप, किसी के आने का शब्द 21) खलबली 24) उत्तर प्रदेश का एक तीर्थस्थान जहां से गौतम बुद्ध ने धर्म प्रसार प्रारंभ किया था 25) विचार 28) भाजी,, तरकारी,, साग 32) सह, संग 34) शरमाना 36) पचाना, हर लेना 37) परस्त्री 38) इतिहास काल के अकबर पुत्र सलीम की प्रेमिका 40) पराजित 42) उसके बाद 43) उपहार 44) शोरगुल, आर्तनाद 46) प्रकार 48) एक वनस्पति जिससे तेल निकाला जाता है 49) घोड़े की सबसे तेज चाल 53) दुःख, शोक 56) तीव्र प्रकाश के कारण आंखो का झपकना 57) आफत 58) आदर सत्कार 59) आनंद, मस्ती 61) बहुत बड़ा 63) बुरी आदत 65) मन को हरनेवाला 66) पुरस्कार 67) विष 69) हिस्सेदार 70) एकही आंख से जिसे दिखायी देता हो 72) वह स्थान जहां यंत्रो की सहायता से बड़े पैमाने पर चीजें तैयार होती है 74) घंटी की आवाज 76) रुपया पैसा, दौलत 77) दासी,, सेविका (उर्दू) 80) अनार (सं.) 81) मनुष्यता 82) प्रभावकारी 83) हमारा एक पड़ोसी देश 84) थोड़ा बाजू मे खिसकना 85) एक पुराने प्रसिद्ध जुलाहा संत 87) बलवान 88) बकवास, व्यर्थ बातचीत 90) शंकरजी का एक नाम 91) लोभ 93) अफगाणिस्तान की राजधानी 94) स्मरण, स्मृति 96) बहुत सम्पन्न 98) थोड़ा, अल्प 101) जो भारी न हो 102) पागल 103) बात, उक्ति, कहना 104) बारह राशियों में से एक 105) कलंक, धब्बा 106) औषधी 108) पेंदा 110) घोड़े के टापों पर लगाया जानेवाला लोहे का अर्धचन्द्रकार टुकड़ा 112) प्राप्त करना ●
(जवाब अगले अंक में)

ck;s ls nk;s !& 1) पाकिस्तान के एक भूतपूर्व राष्ट्राध्यक्ष 7) चिर सधवा 11) भाग्य में लिखा हुआ 13) नग्न 14) एक बहुत पूराने गायक एवं अभिनेता का कुलनाम जो पुरानी फिल्म 'देवदास' के नायक थे 15) लहरीला 17) बुद्धिमान 19) एक विदेशी शराब 20) बला, विपत्ति 22) न्यायालय में किसी के खिलाफ मुकदमा चलानेवाला 23) एक तोले का बारहवां भाग 25) सड़क पर रीछ या बंदर के करतब दिखानेवाला 26) आग की लपट 27) एक पुराने फारसी जुल्मी ईरानी बादशाह 29) आक्रमण 30) गाय 31) पृथ्वी के नीचे का छठा लोक 33) क्षीण, दुबला, जो मोटा न हो 35) एक बड़ा फल 38) यतीम, जिसका कोई पालनहार न हो 39) तपस्या, चिंतन 41) चान्दी 45) शहर के प्रवेश द्वार पर वसुला जानेवाला कर 47) विष्णु का एक नाम 50) सहमत 51) स्वर, आवाज 52) स्थान 54) इटली की राजधानी 55) रचयिता 57) नौकरी से निकाला हुआ 60) प्रणाम का एक शब्द 62) झगड़ालू 64) कमला के पति श्री विष्णु 66) अनुमति 68) महर्षी वेद व्यासद्वारा रचित एक बड़ा महाकाव्य 70) जमीन पर बिछाया जानेवाला गलीचा 71) खिसकाना, चलता करना 73) प्रत्येक, शिव 75) रत्न, मणि 76) आग का लपट के साथ जलना 78) जिद्दी 79) सारी जिम्मेदारी 81) स्वीकार करना 82) असंभव या अलौकिक घटना 83) वस्त्र, कपड़ा 84) समान 86) नाचने या स्वांग रचनेवाली एक जाति, अभिनेता 87) बलपूर्वक 89) सुकुमारी 91) मुंह से निकलनेवाला लसदार थूक 92) असफलता 95) वन में रमनेवाले श्रीकृष्ण 97) कार्य, करतूत 98) पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता का पूर्ववर्ती नाम 99) दाम, कीमत 100) विभाग, लोक, जमींन का छोटा टुकड़ा 101) तहलका मचना 103) लेखनी 105) बेटी का पति 107) हथेली 109) धोखा देकर लोगों का धन हरण करनेवाला 110) प्रभु, स्वामी 111) बिनौले सहित रुई 113) सप्ताह का एक वार 114) अदाकार, किसी कला में निपुण व्यक्ति 115) पालन पोषण करना

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | धा | र | शि | ला | ■ | चि | ता | ■ | गौ | र | व | ■ | मु | रा | द | ■ | ध | नं | ज | य |
| फ | र | सा | ■ | प | र | त | दा | र | ■ | क | ही | ■ | ख | ■ | ल | य | ■ | द | ला | ल |
| त | ■ | त | त्य | र | ■ | क | द | ■ | ■ | बा | दा | म | ■ | ब | द | दु | आ | ■ | ना | गा |
| ■ | कु | ल | ■ | वा | जि | ब | ■ | नि | रा | ■ | र | का | ब | ■ | ल | ■ | ब | ला | ■ | र |
| म | न | ■ | स | ही | ■ | रा | जा | रा | म | मो | ह | न | रा | य | ■ | ब | ह | ल | ना | ■ |
| श | कु | न्त | ला | ■ | अ | ■ | लि | ली | ■ | र | मा | ■ | ब | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | म |
| वि | ना | ■ | म | हा | म | हि | म | ■ | बे | ■ | न | ज | र | बं | द | ■ | ■ | पा | व | न |
| रा | ■ | स | त | ल | ज | ■ | ■ | न | वा | ब | ■ | न | ■ | दी | न | द | या | ल | ■ | ग |
| ■ | श | ह | ■ | त | द | नु | सा | र | ■ | र | ज | नी | श | ■ | ज | ल | या | न | ■ | ढ़ं |
| प | र | वा | ह | ■ | खा | स | ■ | म | ह | क | ना | ■ | व | जी | र | ■ | व | ■ | र | त |
| र्व | ■ | स | ल | मा | न | खा | न | ■ | र | त | ना | र | ■ | त | ■ | सू | र | दा | स | ■ |
| ■ | म | ■ | फ | ल | ■ | ■ | दी | प | क | ■ | ■ | ज | ड़ | ■ | ह | द | ■ | म | द | द |
| ना | री | ■ | ना | दा | न | ■ | म | र | त | बा | ■ | नी | ■ | पे | ड़ | ■ | का | न | ■ | ल |
| रा | ज | कु | मा | र | ■ | ह | श्र | ■ | ■ | द | ह | श | त | ■ | कं | प | ना | ■ | त | ब |
| ज | ■ | न | ■ | ■ | स | जा | व | ट | ■ | शा | म | ■ | र | मा | प | ति | ■ | ना | बा | द |
| गी | ता | बा | ली | ■ | म | र | ण | ■ | च | ह | ल | प | ह | ल | ■ | ता | ज | म | ह | ल |

anumeya-08446302691





# बल्लेबाज के तौर पर रहाणे की जगह समीक्षा के दायरे में पर कप्तानी के अधिक विकल्प नहीं..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अजिंक्य रहाणे के लिए हालात काफी अच्छे नहीं चल रहे और उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है जिसे संभवतः कोई खिलाड़ी सुनना नहीं चाहता। ऐसे कई मौके आए हैं जब टीमों की आईपीएल में शुरुआत बेहद खराब रही है***



लेकिन कोई भी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई और कोई भी कप्तान इतना बेखबर पहले कभी नहीं दिखा। इसके अलावा बल्लेबाजी का अंदाज भी आईपीएल की शुरुआत के समय जितना ही पुराना है। अभिषेक शर्मा और इशान किशन जैसे युवा खिलाड़ियों ने टी20 में बल्लेबाजी का अंदाज पूरी तरह से बदल दिया है और अब वैभव सूर्यवंशी ने तो इसे एक बिल्कुल ही नए स्तर पर पहुंचा दिया है।

आयुष म्हात्रे और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ियों को भी नहीं भूलना चाहिए। सैंतीस साल की उम्र में रहाणे के लिए अब इस बदलते खेल के साथ कदम मिलाना या अपनी बल्लेबाजी के तरीके को बदलना नामुमकिन सा है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी का तरीका पिछले 20 वर्षों में बनी उनकी 'मसल मेमोरी' (शारीरिक आदत) पर आधारित है।

अब इस बात पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं कि रहाणे इस टीम के कप्तान कैसे बने रह सकते हैं जबकि एक बल्लेबाज के तौर पर भी उनकी जगह पक्की नहीं है। पांच मैच में रहाणे सिर्फ सात छक्के लगा पाए हैं लेकिन इससे भी अधिक हैरानी की बात यह है कि उन्होंने सिर्फ आठ चौके जड़े हैं। एक शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी के लिए जो या तो पारी का आगाज करता है या फिर तीसरे नंबर पर आता है उसके लिए इस स्तर पर हर मैच में औसतन तीन बाउंड्री लगाना बहुत बड़ी नाकामी मानी जाएगी।

रहाणे का स्ट्राइक रेट भी 150 से कम है जो कोविड से पहले के दिनों में अच्छा माना जाता था लेकिन अब उस खिलाड़ी के लिए एक निराशाजनक तस्वीर पेश कर रहा है जो देश के लिए 80 से टेस्ट मैच खेल चुका है और सम्मानित पूर्व टेस्ट कप्तान है। रहाणे बस अपनी साख को धूमिल कर रहे हैं लेकिन उनके हित में सबसे बड़ी चीज यह है कि नाइट राइडर्स के पास कोई विकल्प नहीं है। उप कप्तान रिंकू सिंह भी उतनी ही खराब फॉर्म में हैं। टीम में कप्तानी का कुछ अनुभव रखने वाला एकमात्र अन्य खिलाड़ी रोवमैन पॉवेल है जिसने वेस्टइंडीज के लिए 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में कप्तानी की है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनका जीत का प्रतिशत 51 है

लेकिन इस समय पॉवेल भी एक बेहतर विकल्प लगते हैं। रहाणे और मुख्य कोच अभिषेक नायर के शिष्य अंगकृष रघुवंशी (155 के स्ट्राइक रेट से 182 रन बनाकर नाइट राइडर्स के मौजूदा शीर्ष स्कोरर) दोनों के शीर्ष चार में बल्लेबाजी करने के बावजूद नाइट राइडर्स को अधिकतर पावरप्ले में कभी भी वैसी जोरदार शुरुआत नहीं मिली जैसी मंगलवार को चेपक में मिली थी। इसकी पूरी जिम्मेदारी सीईओ वेंकी मैसूर और नायर सहित नाइट राइडर्स के टीम प्रबंधन के सभी बड़े अधिकारियों पर आती है कि उन्होंने एक ऐसी टीम बनाई है जिसमें कोई उपयुक्त विकल्प मौजूद नहीं हैं। भले ही रहाणे को बाहर बिठा दिया जाए लेकिन उनके पास ऐसे कोई बेहतरीन भारतीय रिजर्व खिलाड़ी नहीं हैं जो आकर पहले ही मैच से टीम को लय दे सके।

एक युवा खिलाड़ी जिसमें स्वाभाविक रूप से जोरदार हिटिंग करने की क्षमता है वह दिल्ली के तेजस्वी दहिया हैं। कुल मिलाकर नाइट राइडर्स के लिए हालात काफी गंभीर दिख रहे हैं और रहाणे के हाथ में कमान होने से ऐसा लगता है कि टीम का अभियान प्रतिकूल दिशा में जा रहा है।

# 'वनवास खत्म हो गया', भांजे कृष्णा अभिषेक से दूर हुए सुनीता के शिकवे-गिले, बहू कश्मीरा को लगाया गले, साथ खिंचवाई तस्वीरें..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पर्सनल लाइफ पिछले कुछ महीनों से लगातार चर्चा में बनी हुई है। इससे पहले भांजे कृष्णा अभिषेक के साथ चली उनकी तकरार के भी चर्चे रहे। गोविंदा और उनके भांजे कृष्णा अभिषेक के बीच की तकरार लंबे समय तक चर्चा में रही।***

कृष्णा अभिषेक और उनकी पत्नी कश्मीरा शाह कई बार इस पूरे विवाद पर खुलकर बात करते भी दिखे। हालांकि, समय के साथ मामा-भांजे की दूरियां खत्म होने लगीं, लेकिन मामी सुनीता आहूजा के साथ कृष्णा की दूरियां बनी रहीं। मगर अब, मामी सुनीता के साथ भी कृष्णा और उनकी पत्नी कश्मीरा के गिले-शिकवे दूर हो गए हैं। हाल ही में तीनों का एक वीडियो सामने आया, जिसमें तीनों को एक-दूसरे क साथ पोज करते और साथ में हंसी-ठिठोली करते देखा जा सकता है।

## मामी सुनीता आहूजा से दुर हुए कृष्णा अभिषेक के शिकवे-गिले..

सुनीता आहूजा, कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें तीनों को साथ में हंसी-मजाक करते देखा जा सकता है। यही नहीं तीनों को एक साथ फोटोज के लिए पोज करते भी देखा गया। दरअसल, सुनीता हाल ही में 'लाफ्टर शेफ' के एक एपिसोड में बतौर गेस्ट पहुंचीं।



इस शो में कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह भी बतौर कंटेस्टेंट नजर आ रहे हैं। शो के दौरान सुनीता, अपने भांजे-बहू से भी मिलीं। जैसे ही सुनीता, कश्मीरा से मिलीं उन्हें गले लगा लिया, जिससे पता चलता है कि सुनीता और उनके भांजे कृष्णा के बीच के शिकवे-गिले अब दूर हो चुके हैं।

## खत्म हुआ वनवास- सुनीता..

वीडियो में सुनीता को कृष्णा और कश्मीरा के साथ हंसी-मजाक करते भी देखा जा सकता है। वह हंसते हुए कहती हैं- '14 साल के बाद आज वनवास खत्म हुआ है।' इस पर कश्मीरा मजाकिया अंदाज में कहती हैं- 'किसी और का शुरू होगा।'

ये सुनते ही सुनीता हंसने लगती हैं और हामी भी भरती हैं। बता दें, करीब 10 साल से गोविंदा और उनके परिवार की कृष्णा और कश्मीरा से बातचीत बंद थी। ये विवाद पब्लिक से भी छुपा नहीं रह सका था। लेकिन, अब गोविंदा के बाद सुनीता ने भी कृष्णा को गले लगाकर सारी दूरियां मिटा दीं हैं।

## परिवार में दरार की वजह..

गोविंदा और कृष्णा के बीच विवाद की शुरुआत 2016 में हुई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस पूरे विवाद की शुरुआत कश्मीरा शाह के एक ट्वीट से हुई थी, जिसमें उन्होंने 'पैसे के लिए नाचने वाले' लोगों का जिक्र किया था। कश्मीरा के इस ट्वीट को सुनीता आहूजा ने गोविंदा पर तंज माना और धीरे-धीरे दोनों परिवारों में विवाद बढ़ता चला गया और बात यहां तक पहुंच गई कि सुनीता ने पब्लिक के सामने ये तक कह दिया था कि वह कृष्णा अभिषेक का चेहरा तक नहीं देखना चाहतीं। सुनीता के इस बयान के बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव और बढ़ गया और बातचीत लगभग बंद हो गई थी। हालांकि, अब धीरे-धीरे अब दोनों परिवारों के बीच की दूरियां कम होती नजर आ रही हैं।

# पिता धर्मेंद्र के जाने के बाद बदल गई देओल फैमिली की केमिस्ट्री, बॉबी देओल ने ईशा-अहाना संग रिश्तों पर तोड़ी चुप्पी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद उनका परिवार अभी भी इस गहरे दुख से उबरने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में उनके छोटे बेटे और अभिनेता बॉबी देओल ने अपने पिता को खोने के***



बाद के खालीपन और परिवार में आए बदलावों पर खुलकर बात की। बॉबी ने स्वीकार किया कि पिता के जाने के बाद उनकी प्राथमिकताएं पूरी तरह बदल गई हैं और अब उन्हें एहसास होता है कि समय से कीमती कुछ भी नहीं है। उन्होंने इन बातों का जिक्र करते हुए ईशा और अहाना देओल के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बात की और बताया कि पिता की मौत के बाद इनके रिश्ते में क्या बदलाव आए हैं।

## पिता की कमी और पछतावा..

'एस्क्वायर इंडिया' को दिए एक साक्षात्कार में बॉबी देओल ने अपने पिता धर्मेंद्र को याद करते हुए भावुक बातें साझा कीं। उन्होंने कहा, 'ऐसे कई दिन होते हैं जब मुझे लगता है कि काश मैं उनके साथ और अधिक समय बिताता। काश मैंने उनसे और भी कई सवाल पूछे होते।' बॉबी ने बताया कि अब वह अपने बेटों, पत्नी और परिवार के साथ रहने को लेकर बहुत सचेत हो गए हैं। उनके अनुसार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन, फिल्म समीक्षाएं और भूमिकाएं एक समय के बाद बेमानी हो जाती हैं। उन्होंने कहा, 'सफलता इस बात से मापी जाती है कि आप अपने प्रियजनों के साथ कितना समय बिता पाते हैं। उस प्रसिद्धि और धन का क्या लाभ जिसे साझा करने वाला कोई अपना पास न हो?' बॉबी ने यह भी बताया कि वह अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने पिता की रील्स देखते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता इतने सहज और गर्मजोशी से भरे थे कि कभी-कभी ऐसा लगता है जैसे वह सीधे उनसे बात कर रहे हों।

## ईशा और अहाना से बढ़ी नजदीकियां..

बॉबी देओल ने एक महत्वपूर्ण खुलासे में बताया कि इस त्रासदी ने परिवार को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है।

विशेष रूप से वह अपनी सौतेली बहनों ईशा देओल और अहाना देओल के करीब आ गए हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हम सभी अपने-अपने तरीके से इस दुख से निपट रहे हैं। कभी-कभी जब आप दर्द में होते हैं तो एक-दूसरे को गलत समझ लेते हैं क्योंकि हर किसी को लगता है कि उसका दुख दूसरे से बड़ा है।' बॉबी ने आगे कहा कि समय घावों को भर देता है और नुकसान अक्सर परिवार को करीब लाने का अपना रास्ता ढूंढ लेता है। उन्होंने यह भी महसूस किया कि उनके बेटों में भी एक तरह की परिपक्वता आई है और वे अब जीवन की नश्वरता के प्रति अधिक जागरूक हो गए हैं।

## धर्मेंद्र का अंतिम सफर और सम्मान..

भारतीय सिनेमा के 'ही-मैन' कहे जाने वाले धर्मेंद्र का निधन पिछले साल 24 नवंबर को मुंबई में उनके निवास पर हुआ था। वह 89 वर्ष के थे। उनके निधन से कुछ समय पहले उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद वे घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। उनकी अंतिम फिल्म श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित 'इक्कीस' थी, जो इस साल 1 जनवरी को रिलीज हुई और उनके अभिनय को काफी सराहा गया। इस साल भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्हें सम्मान मिला, बाफ्टा **(BAFTA)** ने अपने 'इन मेमोरियम' सेक्शन में उन्हें याद किया। हालांकि ऑस्कर में उनका नाम शामिल न होने पर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हुई थी, जिसके बाद ऑस्कर की आधिकारिक वेबसाइट पर उनकी विस्तृत सूची में धर्मेंद्र और मनोज कुमार को जगह दी गई।

# राम और रावण पर्दे पर नहीं दिखेंगे साथ

## रणबीर कपूर संग नजर न आने की यश ने खुद बताई वजह..

डेस्क जगप्रेरणा।

***साल 2026 की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायणः पार्ट 1' को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस पौराणिक महागाथा में रणबीर कपूर 'भगवान राम' और यश 'रावण' की भूमिका में नजर आने वाले हैं।***



फिल्म को वैश्विक स्तर पर भव्य रूप देने की तैयारी चल रही है, लेकिन हाल ही में आए एक खुलासे ने फैंस को थोड़ा हैरान कर दिया है। ये खुलासा करने वाला कोई और नहीं बल्कि फिल्म के प्रोड्यूसर और एक्टर यश हैं। उन्होंने फिल्म से जुड़ा ऐसा स्पॉइलर लोगों के साथा साझा किया, जिसने साफ कर दिया कि पहले भाग में क्या होगा।

### पहले भाग में नहीं दिखेगा राम-रावण का टकराव..

सिनेमाकॉन 2026 के दौरान अंतरराष्ट्रीय मीडिया से बातचीत करते हुए फिल्म के अभिनेता और सह-निर्माता यश ने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 'रामायण' के पहले भाग में रणबीर कपूर और वे एक साथ स्क्रीन साझा नहीं करेंगे।

यश के अनुसार फिल्म को दो भागों में बनाया जा रहा है, और पहले भाग की कहानी में दोनों के राज्यों और उनके व्यक्तिगत सफर पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है। यश ने विस्तार से बताया, 'दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म के पहले हिस्से में हम दोनों कभी स्क्रीन पर एक साथ नहीं आए हैं। जैसा कि आप जानते हैं, यह दो भागों की फिल्म है।

पहले भाग में रावण के रूप में मेरा अपना साम्राज्य (लंका) है और राम का अपना साम्राज्य है।' इस खुलासे से साफहै कि दर्शकों को राम और रावण के बीच के महायुद्ध और उनके आमने-सामने आने के दृश्यों के लिए दूसरे भाग का इंतजार करना होगा।

### रणबीर और यश के बीच का तालमेल..

भले ही पर्दे पर दोनों सितारे एक साथ न दिखें, लेकिन ऑफ स्क्रीन उनके बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। यश ने रणबीर कपूर की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें एक शानदार अभिनेता बताया। उन्होंने कहा कि जब आप रामायण जैसा महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट करते हैं तो आपसी सम्मान और एक साझा दृष्टिकोण सबसे महत्वपूर्ण होता है। यश के अनुसार पूरी टीम का एकमात्र एजेंडा इस कालजयी कहानी को बेहतरीन तरीके से पेश करना है। वहीं रणबीर कपूर ने भी रावण के रूप में यश की पसंद को सराहा है। रणबीर का मानना है कि रावण जैसे शक्तिशाली चरित्र को निभाने के लिए जिस ऑरा और स्क्रीन प्रेजेंस की जरूरत होती है, वह यश में कूट-कूट कर भरी है। फिल्म में रावण को एक पारंपरिक विलेन के बजाय एक नए नजरिए से पेश किया जाएगा।

### फिल्म की भव्य स्टारकास्ट और रिलीज..

'रामायणः पार्ट 1' में सितारों का एक बड़ा जमावड़ा देखने को मिलेगा। रणबीर और यश के अलावा साई पल्लवी 'माता सीता' की भूमिका में नजर आएंगी। सनी देओल 'हनुमान' और रवि दुबे 'लक्ष्मण' के किरदार को जीवंत करेंगे। फिल्म में अरुण गोविल, लारा दत्ता, कुणाल कपूर और रकुल प्रीत सिंह जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म दिवाली 2026 के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### दोनों सितारों के अन्य प्रोजेक्ट्स..

'रामायण' के साथ-साथ रणबीर और यश अपने अन्य प्रोजेक्ट्स में भी व्यस्त हैं। यश जल्द ही गीतू मोहनदास की फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' में दिखाई देंगे, जिसकी रिलीज डेट अब जून 2026 कर दी गई है। दूसरी ओर रणबीर कपूर

दिग्गज निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ विक्की कौशल और आलिया भट्ट भी मुख्य भूमिकाओं में होंगे।

# धोनी से बातचीत के बाद नूर ने किया मैच विजेता प्रदर्शन..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***महेंद्र सिंह धोनी भले ही चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र मे अभी तक नहीं खेल पाए हैं लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रदर्शन में उनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है***

जिसकी एक बानगी स्पिनर नूर अहमद के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन में देखने को मिली। अफगानिस्तान के बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर नूर इस मैच से पहले तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उन्होंने चार मैचों में केवल एक विकेट लिया था। लेकिन नेट पर अभ्यास के दौरान धोनी से लंबी बातचीत के बाद उनके खेल में बदलाव देखने को मिला।

उन्होंने केकेआर के खिलाफ चार ओवरों में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने बीच के ओवरों में अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन के विकेट लेकर सीएसके की 32 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। पिच से गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन नूर बल्लेबाजों पर हावी होने में कामयाब रहे। सीएसके के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने



नूर की मैच से पहले धोनी के साथ हुई बातचीत के बारे में बात की। धोनी पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। श्रीराम ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, 'विकेट से थोड़ी मदद मिल रही थी। आज उसकी गेंद की गति हवा में थोड़ी धीमी थी। गेंद पर साइड स्पिन ज्यादा थी और ड्रॉप भी ज्यादा था। इस पर वह काम कर रहा है।'

उन्होंने कहा, 'धोनी ने अभ्यास सत्र के दौरान उनसे काफी देर तक बात की और उन्हें लेग अधिक ब्रेक करने के लिए प्रेरित किया। मुझे लगता है कि आज उससे मदद मिली और इसके परिणाम सबके सामने हैं।' श्रीराम ने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन और नूर के संयोजन पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि वे एक-दूसरे के पूरक हैं। वे दोनों आपस में बहुत अच्छे से संवाद भी करते हैं। उनके बीच आपस में अच्छी समझ है। आज तो अकील ने ही नूर को सही लेंथ बताई। एक बार नूर को जब सही लेंथ मिल गई, तो उन्हें खेलना लगभग असंभव हो गया।'

# रोहित शर्मा का पंजाब किंग्स के खिलाफ आई.पी.एल. मैच में खेलना संदिग्ध...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मुंबई इंडियन्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में रोहित शर्मा की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है जबकि बुधवार को इस सीनियर बल्लेबाज ने यहां हल्का अभ्यास किया। पिछले रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच के दौरान मुंबई इंडियन्स की पारी के छठे ओवर में रोहित को अपने पैर की मांसपेशियों में परेशानी महसूस हुई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे।***

जब रोहित 'रिटायर्ड हर्ट' होकर बाहर गए तब वह 13 गेंद पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद मुंबई इंडियन्स यह मैच 18 रन से हार गई जो मौजूदा सत्र में टीम की लगातार तीसरी हार थी। बुधवार को मुंबई इंडियन्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान टीम के एक अधिकारी ने कहा, 'मेडिकल टीम और कोचिंग स्टाफ उनकी जांच कर रहे हैं

और हमें जल्द ही पता चल जाएगा।' हालांकि शाम को रोहित वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे और उन्होंने हल्का-फुल्का अभ्यास किया। वह मंगलवार को टीम के अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए थे। टीम के सहयोगी स्टाफ के कुछ सदस्यों के साथ रोहित मैदान के एक छोर से दूसरे छोर तक धीरे-धीरे दौड़े

जिसके बाद उनके दाहिने पैर पर अतिरिक्त पट्टी बांधी गई। रोहित ने इसके बाद हल्का वार्मअप किया और काफी आसानी से दौड़ भी पाए।



इस दौरान उन्होंने सहयोगी स्टाफ के साथ बातचीत भी की। हालांकि उन्होंने तेज दौड़ने की कोशिश नहीं की। इसके बाद 38 वर्षीय रोहित ने पैड पहने और नेट गेंदबाजों तथा थ्रो डाउन विशेषज्ञों का सामना किया। बल्लेबाजी करते समय रोहित किसी भी तरह की परेशानी में नहीं दिखे। उन्होंने नेट्स में आधे घंटे से भी कम समय तक बल्लेबाजी की। इस बीच इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स जल्द ही मुंबई इंडियन्स से जुड़ने वाले हैं। वह मौजूदा सत्र में अब तक टीम के चारों मैच से बाहर रहे हैं और बृहस्पतिवार को भी नहीं खेल पाएंगे। जैक्स और न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर (अब तक दो मैच खेले हैं) ने भारत में टीम से जुड़ने से पहले कुछ और समय मांगा था।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स





## एक लाख करोड़ रुपये के 'अर्बन चैलेंज फंड' के लिए दिशानिर्देश जारी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को एक लाख करोड़ रुपये के 'अर्बन चैलेंज फंड' (यूसीएफ) के लिए संचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी किए। इसके तहत केंद्र सरकार का योगदान***




कुल परियोजना लागत के 25 प्रतिशत तक सीमित रहेगा, जबकि राज्य और शहरी स्थानीय निकाय शेष लागत का एक हिस्सा वहन करेंगे। मनोहर लाल ने 5,000 करोड़ रुपये की कर्ज भुगतान गारंटी उप-योजना (सीआरजीएसएस) की भी शुरुआत की। यह पिछले वर्ष के बजट में घोषित शहरी स्थानीय निकायों द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के लिए ऋण सहायता के लिए गारंटी प्रदान करेगी।

यूसीएफके दिशानिर्देशों के अनुसार, कम से कम 50 प्रतिशत राशि नगरपालिका बॉन्ड, बैंक ऋण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी जैसी बाजार व्यवस्था के माध्यम से जुटाई जाए जाने की संभावना है।

कुल व्यय में से 90,000 करोड़ रुपये परियोजना कार्यान्वयन के लिए निर्धारित किए गए हैं, जबकि 5,000 करोड़ रुपये परियोजना निर्माण और क्षमता निर्माण के लिए तथा 5,000 करोड़ रुपये ऋण भुगतान गारंटी उप-योजना के लिए आवंटित किए गए हैं।

इस कोष को वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक कुल चार लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ कार्यान्वित किया जाएगा। इसे तीन साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। मंत्री कहा कि अगले पांच से छह महीनों में सरकार राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों को राशि जारी करना शुरू कर देगी।

उन्होंने कहा कि 'अर्बन चैलेंज फंड' देश भर में शहरी विकास परियोजनाओं के लिए लगभग चार गुना निवेश जुटाने में उत्प्रेरक का काम करेगा।

अधिकारियों ने कहा कि इस वित्तपोषण व्यवस्था का उद्देश्य वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करना, जवाबदेही बढ़ाना और शहरी अवसंरचना परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।


कर्ज भुगतान गारंटी उप-योजना से छोटे शहरों, विशेष रूप से दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों, साथ ही पहाड़ी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों को ऋण गारंटी के माध्यम से बाजार आधारित वित्तपोषण तक बेहतर पहुंच प्राप्त होने से लाभ होने की उम्मीद है।

मनोहर लाल ने कहा, ''अर्बन चैलेंज फंड देश के शहरी विकास के दृष्टिकोण में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक है। यह कोष केवल अनुदान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि सार्वजनिक निधियों का उपयोग करके बड़े निवेशों को गति प्रदान करने और शहरों को आर्थिक रूप से मजबूत और निवेश के लिए तैयार बनाने के बारे में है।''

## पश्चिम एशिया के साथ भारत का व्यापार मार्च में 50 प्रतिशत से अधिक गिरा..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिका और इजराइल की तरफसे ईरान पर किए गए हमले के बाद उत्पन्न गंभीर व्यवधानों के कारण मार्च में पश्चिम एशिया क्षेत्र के साथ भारत के व्यापार में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यह जानकारी दी।***



अग्रवाल ने यहां मार्च के व्यापार आंकड़े जारी करते हुए कहा कि पिछले महीने पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के निर्यात में 57.95 प्रतिशत और आयात में 51.64 प्रतिशत की गिरावट रही।

ईरान पर 28 फरवरी को हुए संयुक्त हमले के बाद प्रमुख समुद्री व्यापार मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य अस्थायी रूप से बंद हो गया था जिससे क्षेत्र के साथ व्यापार पर व्यापक असर पड़ा। करीब 33 किलोमीटर चौड़ा यह जलडमरूमध्य भारत से पश्चिम एशिया के देशों को होने वाले माल परिवहन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लेकिन इसके अवरुद्ध हो जाने से भारतीय व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

सामान्य परिस्थितियों में भारत इस क्षेत्र को हर महीने लगभग छह अरब डॉलर का निर्यात करता है, लेकिन मार्च में यह आंकड़ा घटकर महज 2.5 अरब डॉलर रह गया। इस तरह इन देशों को निर्यात में लगभग 3.5 अरब डॉलर की कमी आई है।

वाणिज्य सचिव ने कहा कि पश्चिम एशियाई देशों के साथ व्यापार के मामले में अप्रैल माह भी चुनौतीपूर्ण रहने का अनुमान है।

उन्होंने बताया कि रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, पेट्रोलियम उत्पाद और चावल जैसे क्षेत्रों के निर्यात में प्रमुख रूप से गिरावट आई है।

अग्रवाल ने कहा, ÷इस तरह के संकट के समय आपूर्ति शृंखलाओं में नए सिरे से संतुलन होता है और भारतीय निर्यातक नए बाजारों की ओर रुख करने की कोशिश कर रहे हैं। यह केवल भारत-पश्चिम एशिया की चुनौती नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर पश्चिम एशिया से जुड़े लॉजिस्टिक की समस्या है।÷

उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित होने से इस्पात, प्लास्टिक और रबर जैसे कच्चे माल की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे लागत दबाव बढ़ा है। सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में उत्पन्न स्थिति के प्रभाव को कम करने के लिए निर्यातकों के लिए कई उपाय किए हैं। वर्ष 2024-25 में इस क्षेत्र में भारत का निर्यात लगभग 57 अरब डॉलर रहा था।

भारत और खाड़ी क्षेत्र के बीच 2024-25 में कुल द्विपक्षीय व्यापार 178 अरब डॉलर का रहा था जिसमें 56.87 अरब डॉलर का निर्यात और 121.67 अरब डॉलर का आयात शामिल है।

## मुख्यमंत्री ने टाटा के सहयोग से पूर्वी उप्र के पहले उत्कृष्टता केंद्र का लोकार्पण किया

गोरखपुर (उप्र), (भाषा)।

***उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) फाउंडेशन के सहयोग से, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा संचालित, महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी***




(एमपीआईटी) में स्थापित क्षेत्र के पहले अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) का उद्घाटन किया। एक बयान के मुताबिक टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन की उपस्थिति में लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने खुद को न केवल बुनियादी ढांचे वाले राज्य, बल्कि विनिर्माण केंद्र के रूप में भी स्थापित किया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन देखने को मिल रहा है, वैसा नौ वर्ष पहले हो पाना कठिन था। तब सड़कें अच्छी नहीं थीं, बिजली का अता-पता नहीं था। सुरक्षा संकट में थी। न नीति थी और न नीयत। सुरक्षा का माहौल और नीति नहीं होने के कारण निवेश भी नहीं होता था।'' उन्होंने कहा, ''जब निवेश नहीं होगा तो स्वाभाविक रूप से रोजगार भी नहीं मिलेगा। यही स्थिति तब उप्र की थी, लेकिन आज का राज्य हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।''

मुख्यमंत्री ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जितना तकनीक के नजदीक जाएंगे, टेक्नोलॉजी हाथ का खिलौना बनती जाएगी। नौजवान जब टेक्नोलॉजी के साथ जुड़ेंगे, पारंगत बनेंगे तो उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, नवाचार सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने उभरती प्रौद्योगिकी के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला उत्कृष्टता केंद्र बनाने में सहयोग के लिए टाटा समूह के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र वर्तमान व भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकी की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायक होगा। इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की रूपरेखा को एक महत्वपूर्ण मंच मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्कृष्टता केंद्र गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमोत्तर बिहार और नेपाल की तराई से जुड़े नौजवानों, अन्नदाता किसानों और महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी की ज्योति बनकर आया है। यह न केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश, बल्कि भारत के विकास को एक नया प्रकाश देने का माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन व टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन के साथ उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लोकार्पण करने के बाद अत्याधुनिक भवन एवं प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर अवलोकन किया।

## भारत का निर्यात मार्च में 7.44 प्रतिशत घटा, व्यापार घाटा कम हुआ

नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया संकट के कारण बीते माह वस्तु निर्यात में पांच महीनों में सबसे बड़ी गिरावट आई और यह 7.44 प्रतिशत घटकर 38.92 अरब अमेरिकी डॉलर पर रहा। वहीं आयात में छह प्रतिशत***



से अधिक की गिरावट आई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। हालांकि, आयात में कमी के कारण व्यापार घाटा मार्च में घटकर नौ महीनों के निचले स्तर 20.67 अरब डॉलर पर आ गया। आंकड़ों के अनुसार, कच्चे तेल और सोने के आयात में उल्लेखनीय कमी के कारण मार्च में कुल आयात 6.51 प्रतिशत घटकर 59.59 अरब डॉलर रहा।

हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में निर्यात 0.93 प्रतिशत बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर 441.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि आयात 7.45 प्रतिशत बढ़कर 775 अरब डॉलर रहा। पिछले वित्त वर्ष के दौरान सोने और चांदी के आयात में उछाल के कारण व्यापार घाटा बढ़कर 333.2 अरब डॉलर रहा

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने संवाददाताओं को बताया कि देश के वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में 4.22 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है और यह 2025-26 में 860.09 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। जबकि 2024-25 में यह 825.26 अरब अमेरिकी डॉलर था।

उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारतीय निर्यातक मजबूती दिखा रहे हैं और सकारात्मक वृद्धि दर्ज कर रहे हैं।

सचिव ने बताया कि मार्च में पश्चिम एशिया क्षेत्र को भारत के निर्यात में 57.95 प्रतिशत की गिरावट आई है। भारत एक माह में पश्चिम एशिया को छह अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात करता है। हालांकि, 28 फरवरी से शुरू हुए अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण आपूर्ति में बाधा आई, जिससे रत्न और आभूषण, चावल, इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्यात में गिरावट के चलते निर्यात घटकर लगभग 2.0 से 2.5 अरब डॉलर रह गया।

इस क्षेत्र से आयात में मार्च में 57.95 प्रतिशत की गिरावट आई।

अग्रवाल ने कहा, ''मार्च में पश्चिम एशिया को निर्यात में 3.5 अरब डॉलर की की कमी आई है और इसका असर निर्यात पर पड़ा है।''

अग्रवाल ने कहा कि संघर्ष के कारण अप्रैल का महीना भी निर्यात के लिए कठिन साबित हो सकता है, क्योंकि इससे अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जहाजों की आवाजाही बाधित हो रही है।

मार्च में व्यापार घाटा कम होकर नौ महीनों में सबसे कम 20.67 अरब डॉलर पर आ गया।

कच्चे तेल का आयात मार्च में 35.91 प्रतिशत घटकर 12.18 अरब डॉलर रहा, जबकि 2025-26 में यह 6.37 प्रतिशत घटकर 174 अरब डॉलर रहा।

आंकड़ों के अनुसार, मार्च में सोने का आयात 31.63 प्रतिशत घटकर 3.06 अरब डॉलर रहा, जबकि 2025-26 में यह 24 प्रतिशत बढ़कर 71.97 अरब डॉलर रहा।

पश्चिम एशिया क्षेत्र में युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस की आवाजाही बाधित हुई है। इससे निर्यातकों के लिए माल ढुलाई और बीमा लागत बढ़ गई है।

सचिव ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि आज हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वे लंबे समय तक नहीं रहेंगी और आने वाले महीनों में विश्व भर में व्यापार सुचारू रूप से चलेगा।''

अग्रवाल ने कहा कि सेवाओं का निर्यात मजबूत बना हुआ है।

अनुमान के अनुसार, मार्च में सेवाओं का निर्यात घटकर 35.20 अरब डॉलर रहा, जबकि मार्च, 2025 में यह 35.63 अरब डॉलर था। आयात भी घटकर 16.96 अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि पिछले साल मार्च में यह 17.48 अरब डॉलर था।

बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सेवाओं के निर्यात का अनुमानित मूल्य 418.31 अरब डॉलर रहा, जो 2024-25 में 387.55 अरब डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष के दौरान आयात 204.42 अरब डॉलर रहा, जो 2024-25 के 198.72 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने वित्त वर्ष 2025ङ्क26 में भारत के बेहतर विदेश व्यापार प्रदर्शन का स्वागत किया है।

फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा, ''खासकर वैश्विक अनिश्चितताओं, आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाएं और मांग में उतार-चढ़ाव के बीच निर्यात में 860 अरब डॉलर का आंकड़ा पार करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह भारतीय निर्यातकों की मजबूती को बताता है।''

अमेरिका, यूएई, चीन, नीदरलैंड और ब्रिटेन निर्यात के मुख्य गंतव्य बने रहे।

फियो ने बाजारों में और विविधता लाने और भारत की वैश्विक पहुंच का विस्तार करने के लिए मुक्त व्यापार समझौतों का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने की जरूरत बतायी।

## फास्टैग जारी करने वाले बैंक सटीक जानकारी के लिए वाहन पंजीकरण संख्याओं का करेंगे सत्यापन

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने बुधवार को कहा कि उसने सभी फास्टैग जारी करने वाले बैंकों को इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली में आंकड़ों की सटीकता और***



विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए वाहन पंजीकरण संख्याओं का तत्काल सत्यापन करने के निर्देश जारी किए हैं। एनएचएआई ने बयान में कहा कि यह निर्णय उन शिकायतों के बाद लिया गया है जिनमें 'फास्टैग रीडर' द्वारा दर्ज किया गया वाहन पंजीकरण नंबर (वीआरएन) वाहन नंबर प्लेट पर प्रदर्शित वास्तविक पंजीकरण नंबर से मेल नहीं खाता है।

इस तरह की विसंगतियां नियमों को लागू करने की व्यवस्था को कमजोर कर सकती हैं और राजस्व चोरी का कारण बन सकती हैं। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत अन्य दंडात्मक प्रावधान लागू हो सकते हैं।

बयान के अनुसार, यह देखा गया है कि इस तरह की विसंगतियों की एक बड़ी संख्या वाहन डेटाबेस में दर्ज होने से पहले जारी किए गए फास्टैग से संबंधित है।

इसमें यह भी बताया गया है कि उस अवधि के दौरान, सत्यापन व्यवस्था अपेक्षाकृत सीमित थी और 'मैन्युअल' प्रक्रियाओं पर अधिक निर्भर थी। इससे वाहन पहचान रिकॉर्ड में संभावित विसंगतियां उत्पन्न हुईं।

एनएचएआई ने कहा है कि उसने विशेष रूप से 'मल्टी-लेन फ्री फ्लो' (एमएलएफएफ) टोलिंग जैसी आगामी प्रौद्योगिकी-आधारित कदमों को देखते हुए फास्टैग के साथ वीआरएन मैपिंग की सटीकता सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

एमएलएफएफ रूपरेखा के तहत, अनुपालन नहीं करने वाले वाहनों को इलेक्ट्रॉनिक नोटिस (ई-नोटिस) जारी करने सहित प्रवर्तन कार्रवाई, सटीक और सत्यापित वाहन पहचान आंकड़ों पर काफी हद तक निर्भर करेगी। एनएचएई ने कहा, ''इस संदर्भ में, फास्टैग जारी करने वाले सभी बैंकों को उनके द्वारा जारी किए गए फास्टैग का तत्काल सत्यापन करने और स्थापित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार, गलत या अमान्य वीआरएन से जुड़े पाए गए फास्टैग को कालीसूची में डालने का निर्देश दिया गया है।''




## नया आयकर कानून आधुनिक, पारदर्शी कर प्रणाली की दिशा में ऐतिहासिक कदमः राष्ट्रपति

**नागपुर, (भाषा)।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि आयकर अधिनियम, 2025, जो एक अप्रैल से लागू हुआ है, एक आधुनिक, सरल और पारदर्शी कर प्रणाली की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

वह यहां राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी) में भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के समापन समारोह में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, और ऐसे समय में प्रशासनिक व्यवस्था और उससे जुड़े हर संस्थान की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय विचारक कौटिल्य ने अपने ग्रंथ अर्थशास्त्र में शासन का एक शाश्वत सिद्धांत दिया था कि जिस प्रकार एक मधुमक्खी फूलों को नुकसान पहुंचाए बिना उनसे शहद इकट्ठा करती है, उसी प्रकार एक शासक को लोगों पर अनावश्यक बोझ डाले बिना कर एकत्र करना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने आगे कहा कि यह हमें सिखाता है कि कराधान केवल राजस्व संग्रह का साधन नहीं है, बल्कि राज्य और नागरिकों के बीच विश्वास का एक सेतु भी है। उन्होंने कहा कि कर प्रणाली प्रभावी, न्यायपूर्ण, संवेदनशील और संतुलित होनी चाहिए।



राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हाल के वर्षों में भारत की आर्थिक यात्रा अत्यंत गतिशील और प्रेरणादायक रही है। प्रत्यक्ष कर संग्रह में निरंतर वृद्धि, कर अनुपालन में सुधार और कर आधार का विस्तार नागरिकों और प्रशासन के बीच बढ़ते विश्वास का संकेत देता है। मुर्मू ने कहा कि आयकर अधिनियम, 2025, जो एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी है, इस परिवर्तनकारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने आगे जोड़ा कि यह एक आधुनिक, सरल और पारदर्शी कर प्रणाली की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रशिक्षु आईआरएस अधिकारी इस नए कानून को लागू करने में अग्रणी होंगे। उन्होंने कहा कि इसकी वास्तविक सफलता केवल इसके सही, पारदर्शी और प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से सुनिश्चित होगी और यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके कंधों पर है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## पीएम श्री कन्या विद्यालय का बोर्ड परिणाम सराहनीय

## 12वीं में 80 प्रतिशत व 10वीं में 77 प्रतिशत छात्राएं सफल..




जगप्रेरणा लांजी।

***माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा 15 अप्रैल को घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी ने शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं में विद्यालय की 231 छात्राओं में से 185 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं, जबकि 46 छात्राएं अनुत्तीर्ण रहीं।***

विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 80.08 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में कुल 160 छात्राओं में से 158 परीक्षा में सम्मिलित हुईं, जिनमें से 123 छात्राएं सफल रहीं और 35 अनुत्तीर्ण हुईं। कक्षा 10वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.84 प्रतिशत रहा।

### टॉपर्स की शानदार सफलता..

कक्षा 12वीं में संध्या डेलचंद घोरमारे ने 500 में से 486 अंक प्राप्त कर 92.4 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पायल मेहतर नारनौरे ने 454 अंक प्राप्त कर90.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रांशु धर्मेंद्र सातपुते ने 453 अंक प्राप्त कर 90.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं में निधि लक्ष्मण ढोक ने 486 अंक प्राप्त कर 97.2 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



दिव्या यशवंत बरगैया ने 483 अंक प्राप्त कर 96.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। दिव्या नंदकिशोर कलपूरे एवं तिथि गरुड़े ने 475 अंक प्राप्त कर 94.8 प्रतिशत के साथ संयुक्त तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार भीमटे एवं समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ ने

हर्ष व्यक्त किया। प्राचार्य ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह परिणाम विद्यालय के निरंतर प्रयासों का फल है।

## सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगांव का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत..

### विद्यार्थियों ने रचा सफलता का नया कीर्तिमान..

जगप्रेरणा लांजी।

***माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल के द्वारा 15 अप्रैल को 10वीं एवं 12वीं एम पी बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये है जिसमें लांजी विकासखण्ड अन्तर्गत संचालित सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगांव लांजी का परीक्षा परिणाम***




शत प्रतिशत रहा सभी छात्र छात्राओं को प्राचार्य बीआर गुरदे के द्वारा बधाई प्रेषित की गई। बतादे कि सत्र 2025-26 की आयोजित बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा बारहवीं एवं कक्षा दसवीं की परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थीयों ने अच्छे अंक अर्जित किए। कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल 54 विद्यार्थीयों में सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिसमें छात्रा प्रीति पिता रेखलाल कावरे 94.4 प्रतिशत प्रथम स्थान, उज्वल श्यामराव वाहने 89 प्रतिशत द्वितीय स्थान, आराधना दौलत बागड़े 87.6 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल 101 विद्यार्थीयों में सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिसमें 20 छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने में सफल रहे। जिसमें अनुष्का विजय कटरे 97.2 प्रतिशत , योगिता विजय दमाहे 97.2 प्रतिशत ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, साक्षी पिता तपेश्वर बल्ले 96 द्वितीय स्थान, पलक पिता सतीष बुढावने 95.8 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी विद्यार्थीयों की सफलता से उत्साहित संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे ने इस सफलता का श्रेय छात्र छात्राओं की कड़ी मेहनत और

लगन तथा समस्त मार्गदर्शी शिक्षक - शिक्षिकाओ को दिया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थीयों एवं शिक्षकों के अथक प्रयास कर उच्चतम स्तर को अर्जित किया है।

सभी विद्यार्थीयों ने अपने माता-पिता एवं विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे उपप्राचार्य प्रवीण साहु , पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल नागवंशी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयां प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## दूध के दांत टूटने से पहले सत्या ने रचा इतिहास, 21 मिनट 28 सेकंड में पार की 900 मीटर लंबी यमुना..

डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के नैनी इलाके के महेवा के रहने वाले देवेंद्र भारती की 4 साल की बेटी सत्या भारती ने अपने चौथे जन्मदिन पर यमुना नदी को पार करने का कारनामा कर दिखाया है।***



इस नन्हीं परी ने 900 मीटर की दूरी ब्रेस्ट स्टाइल में स्विमिंग करते हुए 21 मिनट 28 सेकंड में पूरा किया है। सत्या भारती अभी स्कूल नहीं जाती है। उसके दूध के दांत अभी नहीं टूटे हैं। खेलने-कूदने की उम्र है, लेकिन वह यमुना नदी में तैराकी के गुरु सीख रही है। उसके स्विमिंग कोच त्रिभुवन निषाद के मुताबिक, पिछले एक साल से सत्या को वह स्विमिंग की ट्रेनिंग दे रहे हैं।

उनके मुताबिक, उनके पिता देवेंद्र भारती भी स्विमिंग करते हैं। लेकिन मूल रूप से वह बालू के खनन का काम करते हैं। करीब एक साल पहले वह सत्या को लेकर उनके पास तैराकी सिखाने के लिए आए थे। उन्होंने बच्ची में प्रतिभा देखी और फौरन बच्ची को तैराकी सिखाने के लिए हामी भर दी। त्रिभुवन निषाद कहते हैं कि पिछले वह चार दशक से बच्चों को स्विमिंग की ट्रेनिंग दे रहे हैं। उनके नवजीवन तैराकी क्लब से अब तक कई बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भी कई उपलब्धि हासिल कर कीर्तिमान बना चुके हैं।

इसके साथ ही, कई बच्चे स्विमिंग के जरिए सरकारी नौकरी भी हासिल कर चुके हैं। उनका कहना है कि जिस तरह की प्रतिभा सत्या में दिख रही है, आने वाले दिनों में वह भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकती है।

### पुलिस अफसर बनना चाहती है नन्ही सत्या..

वहीं, 4 वर्षीय नन्ही सत्या भारती ज्यादा बोल तो नहीं पाती है, लेकिन अपनी तोतली जुबान में वह अपने पिता और कोच का नाम जरूर बताती है। यह भी बताती है कि वह एक साल से तैराकी सीख रही है। अभी वह स्कूल नहीं जाती है, लेकिन उसका सपना बड़े होकर पुलिस अफसर बनने का है। जबकि सत्या के पिता देवेंद्र भारती भी बेटी के स्विमिंग के नेशनल चैंपियन बनने का सपना देख रहे हैं।

पिता का कहना है कि वह बेटी को प्रशिक्षित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उनका मानना है कि जिस तरह से उनकी बेटी ने 4 साल की उम्र में अपने जन्मदिन पर यमुना नदी को पार किया है, आने वाले दिनों में अगर उसे सही मार्गदर्शन मिले तो वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकती है।

## साकेत पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

## 10वीं में वाणी सोनवाने व 12वीं में कृतिका रहमतकर रही प्रथम..

जगप्रेरणा लांजी।

***15 अप्रैल 2026 को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था साकेत पब्लिक***

हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का अंग्रेजी माध्यम दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा ।

### दसवी मे वाणी संतोष सोनवाने 96.8 प्रतिशत से रही प्रथम..

**फोटो - वाणी, ऑचल, नील, भावेश, वैष्णवी**

दसवी मे वाणी संतोष सोनवाने ने 96.8 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, ऑचल नरेन्द्र बरघैया 96.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, निल राजु बाहेश्वर 95.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में भावेश शेषराम भिमटे 95.4 प्रतिशत, वैष्णवी मुकेश दशरिया 95 प्रतिशत, स्तुति महेन्द्र शक्करपुडे 94.6 प्रतिशत, शितला मनोज दखने 93.4 प्रतिशत, श्रावनी लालचंद नौखरे 93 प्रतिशत, प्रज्ञा सतेन्द्र कुमार नारनौरे 93 प्रतिशत, सांझ राकेश महिमेहरों 92.6 प्रतिशत, जान्हवी दिगम्बर कलपुरे 92.6 प्रतिशत, अभिजित चन्द्रप्रकाश नागपुरे 91.6 प्रतिशत, मोनिका रमेश मेहरबान 90.8 प्रतिशत, मुस्कान संतोष कुमार ढोक 90.4 प्रतिशत,सर्वेश सुनील सोनवाने 90.8 प्रतिशत, आयुष रमेश कालबेले 89.4 प्रतिशत, कुनाली सुमित कोठारे 87.4 प्रतिशत, प्रणव संतोष मोरघड़े 87.2 प्रतिशत, सिद्धी राजकुमार उमरे 87.2 प्रतिशत, वर्षा दामेश्वर उपराड़े 86.8 प्रतिशत, आदित्य युवराज बारमाटे 86.8 प्रतिशत, भवी भोजराज नरताम 86.4 प्रतिशत, कशिश कमलेश बनवारी 85.6 प्रतिशत, वैभव नरेश आसटकर 84.8 प्रतिशत,




अरिबा फातिमा सैय्यद हुशैन 82.8 प्रतिशत, शिवेन्द्र दुलिराम कोठारे 82.6 प्रतिशत, अंकित श्याम नारायण साहरे 80.2 प्रतिशत, सत्येम कैलाश जगने 78 प्रतिशत, मयुर बंशी कावरे 77.8 प्रतिशत, कामना भुवनलाल फुल्लारे 77.6 प्रतिशत, सागर सोमेश पिपरे 76.4 प्रतिशत, पलक संतीश चौधरी 76.6 प्रतिशत, योगिता श्रीचंद कावरे 75.4 प्रतिशत एवं अन्य छात्र/छात्राओं ने अपना उत्कर्श प्रदर्शन दिया।

### बारहवी में कृतिका नुतेन्द्र रहमतकर 88.2 प्रतिशत से प्रथम स्थान..

**फोटो - कृतिका, पावस, हेरूषी**

बारहवी मे कृतिका नुतेन्द्र रहमतकर 88.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, पावस संतोष सोमनकर 87.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, हेरूषी विरेन्द्र धारणे 87.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में रितेश तिरर्थदास लिल्हारे 86.4 प्रतिशत, आयुषी सुरेन्द्र बड़घैया 83.8 प्रतिशत, श्रेया बंसत रामटेके 81.8 प्रतिशत, निहाल धर्मराज घोघड़े 81 प्रतिशत, देव कुमार ललीत कंकरायने 79.8 प्रतिशत, उमा गिरीश रामटेक्कर 78 प्रतिशत, दिव्यांश राजेन्द्र बड़घैया 77.8 प्रतिशत, अफिरा जैनाब मो. रफिक शेख 77.6 प्रतिशत, सुमित कमलदास डाहरे 76.6 प्रतिशत, भुपांशु कोमलचंद गुर्दे 72.2 प्रतिशत, नेहा हिरालाल चंदेले 72 प्रतिशत, प्रियांका किशोर मुरकुटे 71.6 प्रतिशत, पारूल निलकण्ठ गजभिये 70.6 प्रतिशत, खुश्बु बालकृष्ण धारणे 70.4 प्रतिशत, प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया छात्र/छात्राओं की सफ्लता पर छात्र/छात्राओं एवं परिजनों को विद्यालय के संचालक संतोष मोरघड़े, प्राचार्य महेंद्र दुरूगकर, प्रधान पाठक श्रीमती नेत्रेश्वरी सोनवाने, सुरभी मिश्रा, कोमल प्रसाद ठाकरे, निर्मल सिंह सोलंकी, प्रदिप रामटेके, किरण रामावत, सतेन्द्र मुरकूटे, भुनेश्वरी गव्हारे, मंजु कश्यप, लता मुरकूटे, संध्या बिल्हारे तथा शाला परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिका ने बधाई प्रेषित कर छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मध्यप्रदेश के मुरैना में एक छात्र ने की आत्महत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के मुरैना में एक छात्र ने कथित रूप से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में फेल हो गया था।***



अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान अंबाह शिक्षा विभाग में कार्यरत और शहर के महावीरपुरा क्षेत्र निवासी काशैलेंद्र दंडोतिया के बेटे ऋतिक दंडोतिया (20) के रूप में हुई है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 73.42 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 76.01 प्रतिशत रहा।

पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) विजय भदौरिया ने बताया कि स्थानीय लोगों ने छात्र द्वारा खुद को गोली मारने की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद कोतवाल बांध से खून से लथपथ उसका शव बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ऋतिक ने 12वीं की परीक्षा दी थी, लेकिन भौतिकी, रसायन शास्त्र और गणित में फेल हो गया। बताया जाता है कि इसी बात से आहत होकर उसने देसी कट्टे से खुद को गोली मार ली।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433


## प्रयागराज में ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***प्रयागराज स्थित यमुना नगर के करछना में बुधवार शाम पचदेवरा ओवरब्रिज के पास ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।***



जीआरपी के पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि आज शाम कालका एक्सप्रेस से कटकर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी जिसकी वजह से ट्रेन रुक गई। इस ट्रेन के यात्री उत्सुकतावश नीचे उतर आए। उन्होंने कहा, 'तभी दूसरे ट्रैक पर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन आ गई जिसकी चपेट में आने से चार लोगों की मृत्यु हो गई। अभी तक तीन व्यक्तियों की पहचान हुई।' सहायक पुलिस आयुक्त (करछना) सुनील कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार के सिवान निवासी बलिराम (36), उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के निवासी सुनील कुमार (24) और फिरोजाबाद के निवासी आकाश (17) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अन्य दो मृतकों की पहचान की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखवा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।




दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200




जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा
मो. 9404304226



# पालांदूर पंचायत समिति क्षेत्र में उचित वोल्टेज के साथ निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाए..

### पालांदूर पंचायत समिति क्षेत्र के नागरिकों ने महावितरण के देवरी संभाग के कार्यकारी अभियंता कार्यालय का घेराव किया..

### 2 घंटे के धरने के बाद कार्यकारी अभियंता ने लिखित आश्वासन दिया..





**जगप्रेरणा देवरी।**

स्थानीय नागरिक पिछले कई वर्षों से पूरे देवरी तालुका में महावितरण की निरंतर प्रताड़ना का सामना कर रहे हैं। महावितरण द्वारा किए जा रहे आर्थिक, सामाजिक, भौतिक और शारीरिक शोषण से जनता त्रस्त है, विशेषकर किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। देवरी तालुका के ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय देवरी स्थित महावितरण के विभागीय कार्यालय का घेराव किया गया। कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगभग 2 घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद जब कार्यकारी अभियंता और अन्य अधिकारी पहुंचे, तब उन्हें एक मांग पत्र सौंपा गया।

### प्रमुख मांगें और नेतृत्व..

यह आंदोलन 'दिनबंधु ग्रामीण विकास संस्था के अध्यक्ष कुलदीप लांजेवार' के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पालांदूर के यशवंत गुरनुले, प्रेमचंद गुप्ता, मगरडोह ग्राम पंचायत के उपसरपंच देवविलास भोगारे, नूरचंद नायक, तुलसी खोब्रागडे, भीमराव ताराम, महेंद्र निकोडे, भास्कर निकोडे, आसाराम पालीवाल और पालांदूर पंचायत समिति क्षेत्र के नागरिक शामिल थे।

### निवेदन में निम्नलिखित मुख्य मांगें की गईं:

चिचगढ़ उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में 440**KV**(लाइन क्षमता सुधार) से सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। चिचगढ़ उपकेंद्र में **10 MVA** का पावर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए। इस उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों की लोड शेडिंग (कटौती) बंद कर हमेशा 'उचित वोल्टेज के साथ निर्बाध बिजली' दी जाए। वर्ष 2025 से पहले कृषि पंप के लिए 'डिमांड' भरने वाले किसानों को तत्काल 'विद्युत मीटर' दिए जाएं। चिचगढ़ उपकेंद्र के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों को 'मुख्यालय **(Headquarters)** पर रहकर नागरिकों को नियमित सेवा देने के लिए अनिवार्य किया जाए।

### प्रशासन का आश्वासन..

देवरी संभाग के कार्यकारी अभियंता नायडू, उप-अभियंता 'उईके' और कनिष्ठ अभियंता नंदेश्वर के साथ नागरिकों की लगभग दो घंटे तक विस्तृत चर्चा हुई। तालुका के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली की समस्याओं के समाधान और नियोजन पर विचार करने के बाद, कार्यकारी अभियंता ने नागरिकों की मांगें स्वीकार कीं। उन्होंने लिखित आश्वासन दिया कि आगामी दो दिनों के भीतर इन समस्याओं के समाधान हेतु ठोस कदम उठाए जाएंगे।

इस प्रतिनिधिमंडल में चिचगढ़ जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पालांदूर, मगरडोह, टेकरी, रामगढ़, सुकली, ढोडरा, रोपा, सिंगनडोह, घोनाडी, बोन्डे और पलसगांव के बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# भवभूति महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन एवं विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**जगप्रेरणा आमगांव।**

स्थानीय भवभूति महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. रहांगडाले ने की।

### सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन..

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। समारोह के अंतर्गत गायन, फैशन शो, एकल नृत्य और समूह नृत्य जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ. रहांगडाले एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों के हाथों प्रमाणपत्र तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार:

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शैक्षणिक, सामाजिक और खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान रहा। सत्र 2024-25 के मेधावी छात्रों तथा सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय सेवा योजना, सांस्कृतिक व खेल क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की ओर से नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

### विद्यार्थियों के अनुभव:

विदाई ले रहे विद्यार्थियों की ओर से कु. आरती रामटेके, कु. रूचि भगत और कु. दिपाशा कटरे ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने महाविद्यालय में बिताए सुखद अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षकों एवं संस्थान के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

### प्राचार्य का मार्गदर्शन:

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. पी. के. रहांगडाले ने विद्यार्थियों को जीवन की नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'कठिन परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।' इन अनमोल विचारों के साथ उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कार्यक्रम की रूपरेखा:

कार्यक्रम की प्रस्तावना सांस्कृतिक विभाग प्रमुख डॉ. पी. एम. चंद्रगिरीवार ने रखी। मंच संचालन सांस्कृतिक समिति की सदस्य सौ. प्रज्ञा भगत एवं डॉ. बी. ए. शिंगाडे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. टी. एस. जुमडे ने किया। सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए डॉ. चंद्रगिरीवार, सौ. प्रज्ञा भगत, डॉ. शिंगाडे, जयंत नाकाडे, ओमप्रकाश पटले, डॉ. तुषार जुमडे, डॉ. रमेश बावनथडे, सुरेश शेंडे, अनमोल बडोले सहित सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने विशेष परिश्रम किया। समारोह में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।।
मो। 9329033433

# के. पी. असाटी पब्लिक स्कूल, तिरोड़ा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत..

### कृतिका कावले रही अव्वल..










**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***स्थानीय के.पी. असाटी पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित करते हुए CBSE कक्षा 10 वी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत (100प्रति.) सफलता हासिल की है।***

विद्यालय के सभी छात्र न केवल उत्तीर्ण हुए, बल्कि कई विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस वर्ष के सत्र 2025-2026 परीक्षा परिणामों में कृतिका कावले ने 95प्रति. अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके पीछे न्यासा मिश्रा ने 93प्रति. और संस्कार ठाकरे ने 92प्रति. अंकों के साथ क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

विद्यालय के अन्य होनहार छात्रों में उत्कर्ष तितिरमारे (86 प्रति.), श्रेया साबले (85 प्रति.) और महिमा बछ्वानी (84 प्रति.) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक दिलीप असाटी, संचालक संस्कार असाटी तथा विद्यालय के प्राचार्य सुरेश उपाध्याय ने एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के सभी सफ़ल हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अभिभावकों ने इस सफलता का श्रेय स्कूल के अनुशासित वातावरण और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। विद्यालय के प्रबंधन तथा प्राचार्य महोदय ने सफल हुए सभी छात्रों तथा उनके अभिभावकों को एवं शिक्षकों को बधाई दी। प्राचार्य सुरेश उपाध्याय ने कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

विद्यालय प्रबंधन ने 100त्न परिणाम पर समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दी और भविष्य में ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन का विश्वास जताया।

# असिम सराफ सेंट्रल एकेडमी तिरोड़ा का शानदार रहा 10वीं सीबीएसई का परिणाम..







**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

असिम सराफसेंट्रल एकेडमी, तिरोड़ा ने इस वर्ष कक्षा 10वीं सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है।

विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। इनमें पियूष ठाकरे ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आर्या देशमुख ने 95.4 प्रतिशत, कृष्णा फूटरे ने 92.8 प्रतिशत, श्रेया रहांगडाले ने 92.6 प्रतिशत तथा औजस्वी महादुले ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्राचार्य वर्षा सोनी ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया।

विद्यालय प्रबंधन ने भी इस उत्कृष्ट परिणाम पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। यह परिणाम एक बार फिर सिद्ध करता है कि आसिम सराफ सेंट्रल एकेडमी, तिरोड़ा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है।

# श्री पब्लिक स्कूल में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***श्री पब्लिक स्कूल में डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण से हुई,***

जिससे पूरे वातावरण में आदर और प्रेरणा का भाव व्याप्त हो गया। शिक्षिका जयश्री ने अपने भाषण में डॉ. आंबेडकर के महान कार्यों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से उनके विचारों को अपनाने को कहा। इसके पश्चात प्रा. हितेश कुमार पटले ने मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्याध्यापक राधाकृष्ण शेंडे ने अपने भाषण में समता, शिक्षा और प्रगति का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाषण प्रस्तुत किए तथा आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं, जिससे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति एवं सामाजिक जागरूकता का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का संचालन विजया राऊत ने किया, जबकि सोनिया ठोंबरे ने आभार प्रदर्शन किया। इस आयोजन से विद्यार्थियों में समानता, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति नई प्रेरणा का संचार हुआ।

# मेरिटोरियस के छात्रों की सफलता, देवांश दुबे जिले में दूसरे स्थान पर..







**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***सीबीएससी बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम आज घोषित किए गए, जिसमें मेरिटोरियस स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है।***

विद्यालय के छात्र देवांश मनीष दुबे ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम और जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है।

वहीं मिहिर दुर्गाप्रसाद पटले ने 95 प्रतिशत तथा कु श्वेता प्रदीप बरिएकर ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि विद्यालय के कुल 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के संचालक मुकेश अग्रवाल एवं प्राचार्य प्रफुल तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकवर्ग एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती निमित्त विविध कार्यक्रमों का उद्घाटन




**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***मेरिटोरियस पब्लिक स्कूल में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती के अवसर को साधते हुए 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर***

जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विविध कार्यक्रमों का उद्घाटन पूर्व विधायक भजनदास वैद्य के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर अधिवक्ता नरेश शेंडे, अतुल गजभिये, नगरसेविका मंगला तिरपुडे, विद्यालय के संचालक मुकेश अग्रवाल तथा प्राचार्य प्रफुल्ल तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंतर्गत आज विद्यार्थियों द्वारा नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किया गया। सोमवार को प्रश्नमंजूषा एवं उद्देश्यिका वाचन का आयोजन किया जाएगा, जबकि 14 अप्रैल को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। अपने संबोधन में पूर्व विधायक भजनदास वैद्य ने समता एवं अधिकार के क्षेत्र में महात्मा फुले और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा किए गए महान कार्यों एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। वहीं, विद्यालय के संचालक मुकेश अग्रवाल ने संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर की समता की शिक्षा को सरल शब्दों में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया। छात्राओं ने नृत्य एवं भीम गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राचार्य प्रफुल्ल तिवारी ने किया। इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का गौरव:

# धनराज भगत का राज्यस्तरीय सम्मान, 'पुलिस बॉइज संगठन' ने घर पहुँचकर सराहा



**जगप्रेरणा आमगांव।**

सत्य की खोज और जनसरोकारों को अपनी लेखनी का आधार बनाने वाली 'खोजी पत्रकारिता' का परचम एक बार फिर लहराया है। ग्रामीण अंचल की ज्वलंत समस्याओं को निर्भीकता से शासन-प्रशासन के समक्ष रखने वाले जुझारू पत्रकार धनराज भगत को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दोहरे सम्मान से विभूषित किया गया। बीते 29 मार्च को पुणे स्थित प्रतिष्ठित ग. दि. माडगुलकर नाट्यगृह में 'ध्येय एजुकेशन फाउंडेशन महाराष्ट्र' द्वारा 'आई एम विनर' एवं 'विनर ऑफद ईयर' समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवशाली मंच पर धनराज भगत को उनकी विशिष्ट पत्रकारिता के लिए राज्यस्तरीय सम्मान प्रदान किया गया।

उन्होंने आमगांव-सालेकसा मार्ग पर स्थित जर्जर पुलों की समस्या, शासकीय योजनाओं से वंचित अंतिम छोर के नागरिकों की आवाज बनने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं में सामाजिक चेतना जागृत करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों से अपनी एक अलग पहचान बनाई है। धनराज भगत की जनहितैषी पत्रकारिता की गूँज केवल पुरस्कारों तक सीमित नहीं रही, बल्कि 'महाराष्ट्र पुलिस बॉइज संगठन' ने भी उनके योगदान की सराहना की। संगठन के पदाधिकारियों ने 8 अप्रैल को उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उनका आत्मीय स्वागत किया। स्मृति चिन्ह और पुष्पगुछ भेंट कर उनके नैतिक मूल्यों पर आधारित पत्रकारिता की सराहना की गई।

इस अवसर पर संतोष पुंडकर, व्ही. डी. मेश्राम, वंदना बैस, के. डी. धनोले, जी. एम. येडे, डी. एम. टेंभरे और राजीव वंजारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि उस निर्भीक पत्रकारिता की विजय है जो समाज के अंतिम व्यक्ति के न्याय के लिए लड़ी जाती है।

### घर के सामने से अज्ञात चोर ने उडाई बाईक मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/4/2026 के रात सुपलीपार मे फर्यादी परमेश्वर हिरामन थेर उम्र 36 वर्ष निवासी सुपलीपार ने अपने घर के सामने हमेशा की तरह अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 ऐ एफ 4226 एच एफडिलक्स किमत 30 हजार की रखी थी। रात को फर्यादी सो गये सुबह उठकर देखा तो मोटरसाइकल वहा नही थी। रात के समय अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 256/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा पंधरे 1375 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### तुने गुस्से मे क्यो देखा बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 13/4/2026 के रात 10 बजे के दरम्यान ईर्री मे फर्यादी चंद्रशेखर योगराज ठकरेले उम्र 26 वर्ष निवासी ईर्री अपने दोस्त के साथ गाव के शादी समारोह मे गया था। वापस आते समय अपनी गाडी निकाल रहा था जहा तिनो आरोपी ने आकर कहा तु गुस्से से क्यो देख रहा था, बोलकर गालीगलोच की और अवजार से मारपीट कर जख्मी किया दोस्त बिचबचाव करने आया तो आरोपीयो ने उसे भी मारपीट करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 207/2026 धारा 118, 2, 118, 1, 115, 2, 352,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी भोसले पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### मोहफूल चुनने गये युवक की खेत के कुवे मे गिरने से हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 13/4/2026 के शाम 5 बजे धावडीटोला मे चंद्रकुमार सेशकुमार चौधरी उम्र 35 वर्ष खेत मे मोहफुल चुनने गया था और वापस नही आया, दुसरे दिन सुबह जब लोग खेत गये तो देखा की सेशकुमार कुवे मे गिरा है, उसे सभी की मदत से निकालकर ग्रामीण अस्पताल आमगाव ले गये जहा डाक्टर ने जॉच कर मृत घोषीत करने से फर्यादी के बयान पर पोस्टे आमगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 15/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा राजु गजपुरे 02 पोस्टे आमगांव कर रहे है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# अकोला निवासी अभिषेक शर्मा की गोंदिया स्टेशन में ट्रेन में बेहोश होकर हुई मृत्यु..

## सोशल मीडिया ग्रुप गोंदिया विधानसभा के सदस्यों ने मृतक के परिवार का पता लगाकर शव को सुरक्षित परिवार तक पहुंचाने में की मदद..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*आज दिनांक 15 अप्रैल को अचानक शाम 5 बजे लगभग गोंदिया स्टेशन में रीवा पुणे एक्सप्रेस ट्रेन में एक व्यक्ति की दुखद मृत्यु हो गई, इसकी सूचना गोंदिया शहर के जय शर्मा (पेड़े वाले) इनको मिली, जो कि अपने एक रिश्तेदार को छोड़ने के लिये इसी ट्रेन में गए थे, तब अचानक ही युवक की मृत्यु हो जाने की जानकारी उन्हें गोंदिया स्टेशन पर अन्य यात्रीयों से*



मिली, वहीं इसकी सूचना रेल अधिकारियों व कर्मचारियों को भी दी गई। चूंकि मृतक के साथ कोई नहीं था, इस स्थिति में मृतक की फोटो खींचकर तथा रेलवे टिकिट के माध्यम से यात्री के नाम और शहर की जानकारी मिल पाई थी, ऐसे में जय शर्मा द्वारा तुरंत ही मृतक की फोटो खींचकर गोंदिया के पॉपुलर सोशल मीडिया ग्रुप गोंदिया विधानसभा में प्रसारित की गई, वहीं इस सूचना के बाद गोंदिया विधानसभा ग्रुप के सदस्य भी सक्रिय हुए, तथा उन्होंने ना सिर्फ इस घटनाक्रम में मृतक के रिश्तेदारों का पता लगाने का काम किया, बल्कि मृतक के शव को जांच एवं कार्यवाही हेतु केटीएस हॉस्पिटल में पहुंचाने आदि के कार्य में भी मदद की। तुरंत ही ग्रुप के सदस्यों ने अकोला में जिनकी भी जो भी रिश्तेदारी अथवा पहचान थी, उनके नंबर पर यह फोटो और मैसेज डाला गया, ताकि मृत व्यक्ति के परिवार वालों को जल्द से जल्द सूचना मिल सके। गोंदिया विधानसभा ग्रुप के सदस्यों की पहल पर श्री सुधीर बजाज द्वारा मृतक के पिता से बात हुई और उन्होंने मृतक के पिता को यह दुखद सूचना दी, इसी के साथ गोंदिया विधानसभा ग्रुप के सदस्य रामु भारद्वाज रेलवे स्टेशन पहुंचे और जिसके बाद कुछ ही देर में रेलवे ने उनका शव पोस्टमार्टम हेतु केटीएस रवाना कर दिया। केटीएस हॉस्पिटल में डिन सर, अन्य लोगों में कमल पुरोहित, मितेश शर्मा, रामु भारद्वाज, पवन अग्रवाल और शर्मा परिवार से परिचित तथा बिन परिचय के लोग भी उनकी मेरी मदद करने के लिए अस्पताल पहुंच गए।

इसी दौरान मृतक के साले साहब के नागपुर में ही रहने की जानकारी मिली, जैसे ही यह दुखद सूचना उन्हें दी गई, वे गोंदिया के लिये निकल गए। उनके गोंदिया पहुंचने के डेढ़ घंटा पहले ही सारी सरकारी कागजी कार्रवाई पूरी करवाने का कार्य गोंदिया विधानसभा ग्रुप के सदस्यों द्वारा किया गया, जबकि वहीं रामु भारद्वाज द्वारा शव को अकोला ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था करके दी गई, तथा मृतक के जो रिश्तेदार गोंदिया में थे उन्हें साथ में भेजने के लिए अलग से कार की व्यवस्था की और करीब 9:40 बजे रात्रि में वे सभी गाड़ियों से गोंदिया से रवाना हो गए।

गौरतलब है कि गोंदिया विधानसभा ग्रुप के सदस्यों ने इसके पहले भी अनेक मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए लोगों की मदद का काम किया, वहीं एक युवक की मृत्योपरांत उसके परिवार तक उसके शव को पहुंचाने तथा उसके रिश्तेदारों का पता लगाकर सोशल मीडिया का बेहतर उपयोग करते हुए सामाजिक भागीदारी निभाने का कार्य गोंदिया विधानसभा ग्रुप द्वारा किया गया।

गोंदिया विधानसभा ग्रुप के प्रमुख सदस्य विजय अग्रवाल ने अकोला निवासी अभिषेक शर्मा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया, तथा कहा कि अचानक एक युवक के इस तरह से मृत्यु की खबर विचलित एवं दुखी करने वाली थी। जय शर्मा से लेकर सभी सदस्यों ने यथायोग्य तत्परता दिखाई, जिससे कि समय पर मृतक के परिवार तक सूचना पहुंचने के साथ ही उन तक अतिशीघ्र शव पहुंचाने की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित हो पाई। इस पुरे कार्य में जिन लोगों ने भी यथायोग्य सहयोग प्रदान किया, सभी के प्रति गोंदिया विधानसभा ग्रुप ने आभार व्यक्त किया है।

### समग्र ब्राह्मण सभा गोंदिया के तत्वावधान में धुमधाम से

# विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जायेगा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव, निकलेगी भव्य शोभायात्रा..

## दो दिवसीय कार्यक्रमो का 18 और 19 अप्रैल को आयोजन..


## समग्र ब्राह्मण सभा की बैठक में तैयारियों को लेकर चर्चा कर दिया गया अंतिम रुप..





जगप्रेरणा गोंदिया।

*समग्र ब्राह्मण सभा, गोंदिया के तत्वावधान में आदिपुरुष भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन 18 और 19 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है। इस महोत्सव को लेकर समाज के बंधुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।*



इस संबंध में समग्र ब्राह्मण सभा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शनिवार, 18 अप्रैल (वैशाख शुक्ल द्वितीया) को कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5:00 बजे समर्थ नगर स्थित भगवान परशुराम मंदिर से एक भव्य वाहन रैली के साथ होगा। इसके पश्चात शाम 6:30 बजे से महिला मंडल सभागृह (सुभाष गार्डन के पास) में भक्ति संगीत का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 8:30 बजे उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार रविवार, 19 अप्रैल (वैशाख शुक्ल तृतीया) को मुख्य उत्सव के दिन शाम 5:00 बजे श्री पूजन संपन्न होगा, जिसके बाद 5:30 बजे से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसके पश्चात रात्रि 8:00 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पं. श्री सत्यनारायण जी मिश्रा की स्मृति में समाज के नवनिर्वाचित नगर परिषद पार्षदों का सत्कार समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का समापन रात्रि 9:00 बजे महाप्रसाद के साथ होगा।

### शोभायात्रा का मार्ग..

शोभायात्रा महिला मंडल सभागृह (सुभाष गार्डन के पास) से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर, बाजपेयी चौक, जयस्तंभ चौक, गांधी प्रतिमा, गोरेलाल चौक, दुर्गा चौक और नेहरू चौक से होते हुए पुनः महिला मंडल सभागृह पहुँचकर संपन्न होगी।

### भव्य उपस्थिति की अपील..

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए संयोजन समिति के साथ समाज के वरिष्ठ एवं युवा सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। आज कार्यक्रम की रूपरेषा मे आयोजीत मिटींग मे प्रमुख रूप से समाजबंधु अरुण दुबे, किशोर पांडे, कल्पेश शुक्ला, सतीश उपाध्याय, शशि निवास मिश्रा, सुरेश जी. शेवाळे, प्रकाश उमालकर, विनोद हिरडे, नितिन गोखले, सुनील जोशी, प्रमोद वाढई, मंदार भड़ग, नन्दु व्यास, प्रशांत पानसे, मुकेश चौबे, अतुल दुबे, नीलेश चौबे, संजीव बापट, शुभम तिवारी, रितुराज मिश्रा, कपिल शर्मा, राजेश दवे, मुन्नु तिवारी, विक्रम वशिष्ट सहित समस्त सदस्यगण अपना विशेष योगदान दे रहे हैं। समग्र ब्राह्मण सभा ने समस्त ब्राह्मण समाज (महाराष्ट्रीय, उत्तर भारतीय, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, मैथिली, सिंधी, दक्षिण भारतीय, बंगाली एवं उड़िया समाज) से सपरिवार इस उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

# लिटिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल गोंदिया का सीबीएसई 10 वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

## छात्राओं ने रचा उत्कृष्टता का नया इतिहास

जगप्रेरणा बालाघाट।

*लिटिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल में आज केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर शैक्षणिक*




उत्कृष्टता का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिसर में हर्ष, उत्साह एवं गौरव का वातावरण व्याप्त है। विद्यालय की मेधावी छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को अभिभूत कर दिया। कु. प्रियांशी अग्रवाल ने 94.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

कु. दिया रामचंदानी ने 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कु. रुतिका ठाकरे ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इन प्रतिभाशाली छात्राओं की सफलता उनके अथक परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण का सजीव प्रमाण है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के संचालक आशीष अग्रवाल एवं संचालिका श्रीमती रेशमा अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य श्री जावेद शेख ने विद्यार्थियों की उपलब्धि को विद्यालय की सामूहिक साधना का परिणाम बताते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों के योगदान की सराहना की। विद्यालय प्रबंधक श्री दीपेंद्र चौहान तथा शैक्षणिक सलाहकार श्रीमती मधु पांडे ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की दृढ़ निष्ठा, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सतत सहयोग को दिया है। यह परिणाम न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी सिद्ध होगा।

### पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के संयोजन में प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा

# 19 अप्रैल अक्षय तृतीया पर कामठा में भव्य सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह की जोरदार तैयारीयां शुरु..

## 18 अप्रैल को विवाह समारोह की पुर्व संध्या को हनुमान चालीस पाठ से शुरु होगा भव्य उत्सव..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के संयोजन एवं मार्गदर्शन में पिछले वर्षो की परम्परानुसार रविवार 19 अप्रैल 2026 अक्षय तृतीया के शुभअवसर पर प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शाम 6.30 बजे ग्राम कामठा ता.गोंदिया में 100 नवयुगलों का भव्य सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया है।*

इस अवसर पर प्रमुख रुप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नानाभाऊ पटोले, सांसद डॉ. प्रशांत पडोले, सांसद नामदेवराव किरसान संहिज गोंदिया-भंडारा बालाघाट जिले के सभी आजी-माजी विधायकगणों ने अतिथी स्वरुप उपस्थिती की सहमती दी है। सामुहिक विवाह समारोह हेतु ग्राम कामठा स्थित क्रीड़ा संकुल परिसर में सभी तैयारीयां शुरु है व सामुहिक विवाह में नवयुगलो के धर्म अनुसार विवाह पध्दिती की व्यवस्था की गई है। इस हेतु परिसर में भव्य मंच, पंडाल तथा भोजन कक्षों की व्यवस्था अंतिम चरण में है, वहीं वर-वधू जनवासा व्यवस्था, स्टेज व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, विवाह व्यवस्था, पंडाल व्यवस्था, पेयजल पुर्ती व्यवस्था के लिए विभिन्न समितीओं का गठन किया गया है।

पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने इन सभी समितीओं की बैठक लेकर सभी समिती सदस्यों से चर्चा कर विवाह की तैयारियों को अंतिम रुप दिया है। सामुहिक विवाह में परिणयबध्द होनेवाले सभी नवयुगलों को आशीर्वाद देने हेतु जिले के सभी पक्षों के नेतागण आमंत्रित है। अतिथियों के मनोरजंन हेतु राज्य के सातारा जिले से आए कलाकार पारंपरिक भव्य लावणी नृत्य प्रस्तुत करेंगे। सामुहिक विवाह समारोह में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहकर नवयुगलों को आशिर्वाद देने की अपील पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल एवम् प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से की गई है।

### 18 अप्रैल को कामठा में हनुमान चालिसा पाठ व महाप्रसाद का आयोजन..

गौरतलब है कि पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल द्वारा ग्राम कामठा में आयोजित सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह के शुभ अवसर पर शनिवार 18 अप्रैल 2026 को शाम 6.30 बजे से रात्री 8 बजे तक विवाह स्थल क्रीड़ा संकुल परिसर ग्राम कामठा में हनुमान चालिसा पाठ एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।
सभी श्रध्दालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल एवं प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट गोंदिया द्वारा की गई है।


# जाहीर सूचना

जाहीर सूचनेव्दारे आम जनतेला कळविण्यात येते की, सौ. आशा राजकुमार जगणे रा. ता. तिरोडा, जि. गोंदिया यांची स्वयंसंपादित मालमत्ता मौजा सिल्ली ता. तिरोडा, जि. गोंदिया येथे भोगवटदार वर्ग 1 गट क्र. 411/2 खाते क्र. 10245 क्षेत्रफल 40 आर (एक एकर) धानारी जमीन निलागोंदि गावाजवळ असून उपरोक्त वर्णनाची मालमत्ता रजिस्टर विक्रीपत्राने विकत घेतली आहे. रेवेन्यू रेकार्डवर यांचे नावे दर्ज आहे. यावर त्यांचा कब्जा व वहिवाट आहे (फे. क्र. 1078 दि. 11/06/2024) उपरोक्त वर्णन केलेली मालमत्ता विक्रीचा करार श्री. रणजीत केवलजी पटले रा. ठाणेगाव, ता. तिरोडा, जि. गोंदिया यांचे सोबत केला आहे. उपरोक्त मालमत्तवर कोणतीही जप्तीची किंवा SARFAESI ACT कायद्याअंतर्गत कारवाई प्रलंबित असल्यास कळवावे. उपरोक्त वर्णन केलेल्या मालमत्तेवर कोणतेही न्यायालयीन किंवा शासकीय कार्यालयात प्रकरण प्रलंबित असल्यास, आज तारखेपर्यंत कोणत्याही न्यायालयाचे नोटीस दिले गेले असल्यास किंवा या मालमत्तेवर इतर कोणत्याही राष्ट्रीयकृत बँक, पतसंस्था, सावकार किंवा इतर कोणत्याही व्यक्ती सोबत प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष मालकी हक्क वा गहाण, बोझा किंवा आक्षेप असल्यास ही जाहीर नोटीस प्रकाशित झाल्याचे 7 दिवसांचे आत लिखीत स्वरुपात अर्ज घेऊन मुळ कागदपत्रासह जाहीर नोटीस देणार किंवा मालमत्ताधारकास प्रत्यक्ष संपर्क साधावा. यानंतर कोणत्याही प्रकारची उजर तक्रार ऐकली जाणार नाही.

नोटीस देणार -
मालमत्ताधारक : सौ. आशा राजकुमार जगणे
चमारटोली गंजमार्केट जवळ, तिरोडा जि. गोंदिया 8468987054
श्री रणजीत केवलजी पटले,
मु+पो ठाणेगाव ता. तिरोडा जि. गोंदिया 7499083217


# सीबीएसई 10 वीं बोर्ड में शादाब ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*आज 15 अप्रैल को ऑनलाइन जारी हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 10वीं कक्षा के रिजल्ट में गोंदिया के सामाजिक कार्यकर्ता ईरशाद कुरैशी के छोटे बेटे शादाब कुरैशी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जिले में बेहतर प्रदर्शन नाम रोशन किया है।*



गौरतलब है कि पिछले वर्ष उनके बड़े भाई हफ़िज़ ने 12 वीं सीबीएसई में 84 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया था, अब शादाब ने भी जी-जान लगाकर पढाई की और 10 वीं सीबीएसई में 96 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का और माता-पिता का नाम रोशन किया है। शादाब इरशाद कुरैशी गोंदिया पब्लिक स्कूल के छात्र है। उनके 10 वीं सीबीएसई में टॉप करने पर स्कूल संचालक और टीम ने बधाई दी, वहीं समाज में इस होनहार युवक को उसके उज्ज्वल भविष्य को लेकर बधाइयां मिल रही है।

# डॉ. भीमराव बाबासाहेब आम्बेडकर जयंती पर गोंदिया जिला व्यापारी असोसिएशन ने किया अभिवादन

जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारत रत्न डॉ. भीमराव बाबासाहेब आम्बेडकरजी की 135 वी जन्मजयंती पर आम्बेडकर चौक पर आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में गोंदिया जिला व्यापारी असोसिएशन के पदाधिकारियों ने पहुंचकर डॉ. अम्बेडकरजी को वंदन करते हुए, उत्सव समिति*



का अभिनंदन किया। अध्यक्ष संजय जैन ने अपने शुभकामना संदेश में व्यक्त किया कि ये बाबासाहेब की प्रतिभा ही थी जो उन्होंने बिना सत्ता के भगवान गौतम बुद्ध के अनुनायियों को एकता के सूत्र में बांधकर विश्व मे स्नेह के साथ समानता का सम्मान दिलाया, एवम उनके उपदेशों, मार्ग को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य इस उत्सव समिति ने किया। व्यापारी असोसिएशन में सभी धर्मों के व्यापारी शामिल है, तथा अनेकता में एकता की मिसाल कायम करते हुए, व्यापारियों की निर्भीक बुलंद आवाज बनकर कार्य कर रही है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com